दैनिक
# नवश्रेय टाईम्स
PRGI No._RJHIN/25/A0587

सम्पर्क सूत्र
दैनिक नवश्रेय टाईम्स में समाचार, विज्ञापन और सूचनाएं प्रकाशित करवाने के लिए सम्पर्क करें:-
मो. 9602240956
Email-
navshreyatimes@gmail.com

वर्ष : 01 | अंक : 30 | जयपुर, रविवार, 31 अगस्त 2025 | प्रभात संस्करण | मूल्य: 2 रु. | कुल पृष्ठ : 4

## भारत के प्रधानमंत्री मोदी ने टोक्यो में जापान के 16 प्रांतों के राज्यपालों से बातचीत की

# भारत और जापान ने रक्षा सहयोग बढ़ाने का संकल्प लिया, दोनों देशों ने रक्षा, व्यापार और इंडो-पैसिफिक सहयोग पर जताई सहमति

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जापान यात्रा: मजबूत होते संबंध
- भारत-जापान संबंधों को नए आयाम देगी प्रधानमंत्री मोदी की जापान यात्रा
- प्रधानमंत्री मोदी की जापान यात्रा: रक्षा और आर्थिक सहयोग पर हुआ जोर
- जापान यात्रा पर प्रधानमंत्री मोदी: बुलेट ट्रेन से सेंडाई तक की यात्रा
- भारत-जापान संबंधों में नई ऊंचाइयां: प्रधानमंत्री मोदी की जापान यात्रा



**नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को जापान के मियागी प्रांत के सेंडाई में स्थित एक सेमीकंडक्टर संयंत्र गए। इस दौरान मोदी के साथ उनके जापानी समकक्ष शिगेरु इशिबा भी थे। दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने तोक्यो से सेंडाई तक का सफर बुलेट ट्रेन से तय किया। मोदी शुक्रवार को दो दिवसीय यात्रा पर तोक्यो पहुंचे थे। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को तोक्यो में जापान के 16 प्रांतों के गवर्नर से मुलाकात की और भारत-जापान विशेष रणनीतिक एवं वैश्विक साझेदारी के तहत 'राज्य-प्रांत सहयोग' को मजबूत किए जाने का आह्वान किया। जापान के विदेश मंत्रालय (एमईए) ने एक बयान में यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''तोक्यो में आज सुबह जापान के 16 प्रांतों के गवर्नर के साथ बातचीत की। राज्य-प्रांत सहयोग भारत-जापान मैत्री का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। यही कारण है कि कल 15वें वार्षिक भारत-जापान शिखर सम्मेलन के दौरान इस पर अलग से एक पहल की गई।'' उन्होंने कहा, ''व्यापार, नवोन्मेष, उद्यमिता आदि क्षेत्रों में सहयोग की अपार संभावनाएं हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी जापान में एक घंटे में 320 किलोमीटर की रफ्तार से दौड़ने वाली शिंकानसेन बुलेट ट्रेन से सेंडाई पहुंचे



भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज जापान में एक घंटे में 320 किलोमीटर की रफ्तार से दौड़ने वाली शिंकानसेन बुलेट ट्रेन की सवारी की। उनके इस सफर में जापान के प्रधानमंत्री इशिबा भी रहे। भारतीय प्रधानमंत्री मोदी ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर इस सफर के कुछ फोटो अपलोड किए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने जापान दौरे के दूसरे दिन एक्स पर लिखा, सेंडाई पहुंचे। प्रधानमंत्री इशिबा के साथ शिंकानसेन से इस शहर की यात्रा की। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी ऐसी ही ट्रेन भारत में लाना चाहते हैं। शिंकानसेन बुलेट ट्रेन उनके एजेंडे का प्रमुख हिस्सा है।

### नरेन्द्र मोदी ने राजधानी टोक्यो में जापान के 16 प्रांतों के राज्यपालों के साथ बातचीत की

जापान की दो दिवसीय यात्रा के पूर्ण होने से कुछ समय पहले आज सुबह भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजधानी टोक्यो में जापान के 16 प्रांतों के राज्यपालों के साथ बातचीत की। उन्होंने कहा कि राज्य-प्रांत सहयोग भारत-जापान मैत्री का महत्वपूर्ण स्तंभ है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस अवसर का फोटो और संक्षिप्त विवरण अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर साझा किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्स पोस्ट पर लिखा, आज सुबह टोक्यो में, जापान के 16 प्रांतों के राज्यपालों के साथ बातचीत की। राज्य-प्रांत सहयोग भारत-जापान मैत्री का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है।

## आतंकवाद, महामारी और क्षेत्रीय संघर्षों के आज के युग में

# रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि अस्तित्व और प्रगति के लिए एक अनिवार्य स्थिति है : राजनाथ

- ऑपरेशन सिंदूर में भारत की जीत और पाकिस्तान की हार कुछ दिनों के युद्ध की कहानी प्रतीत हो सकती है, लेकिन इसके पीछे वर्षों की रणनीतिक योजना और रक्षा तैयारियां हैं: रक्षा मंत्री
- भारत कोई दुश्मन नहीं चाहता, लेकिन अपने हितों से समझौता नहीं करेगा
- हमारे लोगों, किसानों और छोटे व्यवसायों का कल्याण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है
- दुनिया जितना दबाव डालेगी, भारत उतना ही मजबूत होकर उभरेगा
- स्वदेशी वायु रक्षा प्रणाली का परीक्षण सुदर्शन चक्र मिशन को साकार करने की दिशा में पहला कदम है



**नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि आज के आतंकवाद, महामारियों और क्षेत्रीय संघर्षों के युग में, रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता केवल एक विकल्प नहीं है, बल्कि अस्तित्व और प्रगति के लिए एक अनिवार्य स्थिति है। यह संरक्षणवाद के बारे में नहीं है, बल्कि संप्रभुता और राष्ट्रीय स्वायत्तता के बारे में है। सिंह ने 30 अगस्त, को नई दिल्ली में 21वीं सदी में युद्ध विषय पर एक रक्षा सम्मेलन में अपने संबोधन में इस बात का उल्लेख किया कि यह सम्मेलन ऐसे समय में आयोजित हो रहा है, जब भारत के सशस्त्र बलों ने कुछ महीने पहले ही ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से वीरता का प्रदर्शन किया था, जबकि इसी दौरान संघर्ष, व्यापार युद्ध और अस्थिरता वैश्विक परिदृश्य को आकार दे रहे हैं। सिंह ने उल्लेख किया कि भू-राजनीतिक बदलावों ने देश को दिखाया है कि रक्षा क्षेत्र में दूसरों पर निर्भरता अब कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार का हमेशा से मानना रहा है कि एक आत्मनिर्भर भारत ही अपनी सामरिक स्वायत्तता की रक्षा कर सकता है।रक्षा मंत्री ने कहा कि कई विकसित देश संरक्षणवादी उपायों का सहारा ले रहे हैं, जिससे व्यापार और आयात शुल्क क्षेत्र की स्थितियाँ लगातार गंभीर होती जा रही हैं। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को अलगाव समझने की भूल नहीं करनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा, यह संरक्षणवाद नहीं है। यह संप्रभुता का मामला है। जब युवा, ऊर्जा, तकनीक और संभावनाओं से भरपूर कोई देश आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ता है, तो दुनिया रुककर इस पर ध्यान देती है। यही वह ताकत है जो भारत को वैश्विक दबावों का सामना करने तथा और मज़बूती से उभरने में सक्षम बनाती है। सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर को भारत की बढ़ती स्वदेशी रक्षा क्षमताओं का एक शानदार उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि स्वदेशी उपकरणों का उपयोग कर सशस्त्र बलों द्वारा अपने लक्ष्यों पर किए गए सटीक हमलों ने यह प्रदर्शित किया है कि दूरदर्शिता, दीर्घकालिक तैयारी और समन्वय के बिना कोई भी मिशन सफल नहीं हो सकता। उन्होंने कहा, ऑपरेशन सिंदूर भले ही कुछ दिनों के युद्ध, भारत की जीत और पाकिस्तान की हार की कहानी प्रतीत हो, लेकिन इसके पीछे वर्षों की रणनीतिक योजना और रक्षा तैयारियों की एक लंबी भूमिका रही है। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि भारतीय सेनाओं ने वर्षों की कड़ी मेहनत और स्वदेशी उपकरणों पर निर्भरता के माध्यम से इस ऑपरेशन को प्रभावी और निर्णायक रूप से अंजाम दिया।रक्षा मंत्री ने सुदर्शन चक्र मिशन को भारत की भविष्य की सुरक्षा के लिए एक क्रांतिकारी पहल बताया। प्रधानमंत्री द्वारा घोषित इस मिशन का लक्ष्य अगले दशक में देश भर के महत्वपूर्ण स्थानों को रक्षात्मक और आक्रामक, दोनों तकनीकों का उपयोग करके पूर्ण हवाई सुरक्षा प्रदान करना है। ऑपरेशन सिंदूर से मिले अनुभव का हवाला देते हुए, उन्होंने आधुनिक युद्ध में वायु रक्षा के बढ़ते महत्व का उल्लेख किया। सिंह ने कहा कि डीआरडीओ ने 23 अगस्त, को एक स्वदेशी एकीकृत वायु रक्षा हथियार प्रणाली का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। इसने एक साथ तीन लक्ष्यों को भेदा, जो प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में पहला कदम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यद्यपि इसके पूर्ण कार्यान्वयन में समय लगेगा लेकिन रक्षा मंत्रालय इस दिशा में पहले ही निर्णायक रूप से आगे बढ़ चुका है। सिंह ने युद्धपोत निर्माण में पूर्ण आत्मनिर्भरता जैसे स्वदेशीकरण की महत्वपूर्ण उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा हमारे सभी युद्धपोत अब भारत में ही बन रहे हैं। उन्नत हथियारों और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणालियों से लैस स्टील्थ फ्रिगेट आईएनएस हिमगिरि और आईएनएस उदयगिरि का हाल ही में जलावतरण हमारी नौसेना के विदेश से कोई भी युद्धपोत न खरीदने के संकल्प को दर्शाता है। ये जहाज विश्वस्तरीय हैं और हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की ताकत बढ़ाएँगे, रक्षा मंत्री ने घोषणा की कि सरकार ने एक शक्तिशाली स्वदेशी एयरो-इंजन के विकास और निर्माण की चुनौती स्वीकार की है, यह एक ऐसा क्षेत्र है जहाँ भारत को लंबे समय से सीमित सफलता मिली है। उन्होंने बताया कि इस महत्वपूर्ण परियोजना की तैयारियाँ अब लगभग पूरी हो चुकी हैं और जल्द ही जमीनी स्तर पर काम दिखाई देने लगेगा।

# स्वच्छता और शहरी विकास एक ही सिक्के के दो पहल : मनोहर लाल

- स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0: शहरी स्वच्छता के लिए नई पहल
- आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 के तहत आयोजित की बैठक
- शहरी स्वच्छता के लिए नई रणनीति: स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0
- स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0: राज्यों से दृश्यमान शहरी स्वच्छता को प्राथमिकता देने का आग्रह



**नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर**

आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 पर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ एक उच्च-स्तरीय वर्चुअल बैठक आयोजित की। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के राज्य मंत्री तोखन साहू और मंत्रालय के सचिव एस. कटिकिथला की उपस्थिति में हुई इस बैठक में शहरी भारत में प्रत्यक्ष रूप से दृश्यमान स्वच्छता को प्राथमिकता दी गई, जिसमें स्वच्छता लक्षित इकाइयों (CTUs) की पहचान और परिवर्तन के दोहरे दृष्टिकोण पर जोर दिया गया। स्वच्छता ही सेवा 2024 के दौरान 8 लाख से अधिक स्वच्छता लक्षित इकाइयों के रूपांतरण के साथ,

> “
> हमें ये याद रखना है कि स्वच्छता, एक दिन का, एक पखवाड़े का, एक साल का या कुछ लोगों का ही काम है, ऐसा नहीं है। स्वच्छता हर किसी का, हर दिन, हर पखवाड़े, हर साल, पीढ़ी दर पीढ़ी चलने वाला महाअभियान है। स्वच्छता जीवनशैली है, स्वच्छता जीवन मंत्र है :- प्रधानमंत्री, नरेंद्र मोदी

MoHUA ने राज्यों से आग्रह किया है कि वे उपेक्षित, चुनौतीपूर्ण और डार्क स्पॉट्स की पहचान कर, एक निर्धारित समय सीमा में परिवर्तन और सौंदर्यीकरण सुनिश्चित करते हुए दृश्यमान शहरी स्वच्छता को प्राथमिकता दें।

शहरी विकास और नीति कार्यान्वयन में बदलाव के वाहक के रूप में की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने ज़ोर देकर कहा कि स्वच्छता और शहरी विकास एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। मंत्रालय ने इन शहरी स्थलों की समयबद्ध साफ-सफाई के लिए एक रूपरेखा तैयार की है, जो राज्यों द्वारा नियमित समीक्षा एवं गहन निगरानी, नागरिकों को संगठित करने और स्वच्छता ऐप के माध्यम से ष्ट्झह्य की मैपिंग के लिए इंटरफ़ेस, मैप किए गए स्थलों की त्वरित और समयबद्ध परिवर्तन, भूमि को खाली करा पुनः प्राप्त करने और उन स्थानों पर फिर से कचरे के जमाव को रोकने के लिए सौंदर्यीकरण पर केंद्रित है। इन पोर्टल पर मैप किया जाएगा। उपेक्षित और चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए, शहरों को सलाह दी गई है कि वे लेगेसी वेस्ट डंपसाइट्स को हाई-इंटेंसिटी वाले ष्ट्झह्य के रूप में पहचानें, जिनके परिवर्तन के लिए समय और संसाधन की आवश्यकता होगी।

## भारत के तेल एवं गैस उपक्रमों की खेल संस्कृति को बढ़ावा देने में अग्रणी भूमिका : पुरी

**नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर**




पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आज कहा कि भारत ने खेलों को बढ़ावा देने के लिए अपनी नीतिगत प्राथमिकता और सार्वजनिक निवेश में वृद्धि की है। उन्होंने कहा, इस दिशा में भारत के तेल एवं गैस सार्वजनिक उपक्रमों ने अग्रणी भूमिका निभाई है। पुरी राष्ट्रीय खेल दिवस 29 अगस्त के उपलक्ष्य में पेट्रोलियम खेल संवर्धन बोर्ड (पीएसपीबी) द्वारा दिल्ली सॉकर एसोसिएशन और सुदेवा अकादमी के सहयोग से आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। देश में 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है क्योंकि यह भारतीय हॉकी के दिग्गज मेजर ध्यानचंद की जयंती है। पीएसपीबी की सदस्य सचिव सु सबीना चौधरी और सुदेवा दिल्ली एफसी के अध्यक्ष अनुज गुप्ता ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया। पुरी ने भारत के खेल क्षेत्र में आए बदलाव का उल्लेख करते हुए कहा, 2014 के बाद भारत को एक खेल राष्ट्र बनाने के लिए ठोस प्रयास किए गए हैं। अब होनहार युवाओं को न केवल वित्त पोषण के मामले में, बल्कि पोषण, खेल विज्ञान और कोचिंग सहित संपूर्ण विकास में उच्च स्तरीय सफलता प्राप्त करने के लिए भरपूर समर्थन मिल रहा है।उन्होंने कहा कि संसद के पिछले सत्र में ऐतिहासिक राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक 2025 पारित किया गया है जिसका उद्देश्य खेल महासंघों और निकायों के प्रशासनिक ढांचे में सुधार करना है।

## अमेरिकी संघीय अपील अदालत की अहम टिप्पणी-ट्रंप के ज्यादातर वैश्विक टैरिफ गैरकानूनी

**नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर**



अमेरिका की एक संघीय अपील अदालत ने शुक्रवार को 7-4 के बहुमत से दिए फैसले में राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप के वैश्विक टैरिफ पर अहम टिप्पणी की है। फैसले में कहा गया है, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ज्यादातर वैश्विक टैरिफ गैरकानूनी हैं। एबीसी न्यूज चैनल की खबर के अनुसार, संघीय सर्किट के लिए अमेरिकी अपील अदालत ने ट्रंप के टैरिफ लागू करने के अधिकार की अधिकतर शक्तियों को खारिज कर दिया। संघीय अदालत ने निचली अदालत से सहमति जताते हुए कहा कि ट्रंप के कदम कानून के विपरीत होने के कारण अमान्य हैं। हालांकि, संघीय अदालत ने अपने फैसले को अक्टूबर के मध्य तक के लिए टाल दिया। इसका मकसद है कि ट्रंप प्रशासन उच्चतम न्यायालय में अपील कर सके। संघीय अदालत ने कहा है कि उच्चतम न्यायालय के आदेश आने तक टैरिफ प्रभावी रहेंगे। बहुमत के फैसले में लिखा गया, हम इस बात से सहमत हैं कि अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्तियां अधिनियम आयातों को विनियमित करने के लिए राष्ट्रपति के प्राधिकार कार्यकारी आदेश से लगाए गए।टैरिफ को अधिकृत नहीं करता है। हम इस बात की पुष्टि करते हैं। फैसले में अपील अदालत ने यह निर्धारित किया कि केवल कांग्रेस के पास टैरिफ लगाने का अधिकार है। अपील अदालत के 11 में से सात जजों ने कहा कि यह दुर्लभ रूप से इस्तेमाल किया जाने वाला कानून ट्रंप को उनके पारस्परिक टैरिफ या कनाडा, मेक्सिको और चीन पर लगाए गए।






## संपादक की कलम से....

# वनों की कटाई से सिकुड़ रहा बाघों का घर



रेखा गौड संपादक
दैनिक नवश्रेय टाइम्स

बाघ भारतीय संस्कृति और जैव विविधता का प्रतीक है। यह न केवल हमारी विरासत है, बल्कि जंगलों के स्वास्थ्य का सूचक भी है। लेकिन आज बाघ का अस्तित्व गंभीर संकट से गुजर रहा है। वनों की कटाई, अवैध शिकार, खनन और मानवीय विस्तार ने बाघों के प्राकृतिक आवास को नष्ट कर दिया है। परिणामस्वरूप बाघों की संख्या घट रही है और उनका जीवन खतरे में है। आज स्थिति यह है कि जंगल घट रहे हैं और बाघों की संख्या खतरे में है। यह केवल बाघों का संकट नहीं, बल्कि पूरे पर्यावरण तंत्र का संकट है। बाघ एक की-स्टोन प्रजाति है, यानी उनकी मौजूदगी पूरे जंगल के स्वास्थ्य और संतुलन की गारंटी है। अगर बाघ लुप्त हो जाएंगे तो जंगल का पारिस्थितिकी तंत्र भी असंतुलित हो जाएगा। भारत के घने जंगल बाघों का घर हैं, लेकिन तेजी से हो रही वनों की कटाई ने उनके लिए भोजन और सुरक्षित आवास दोनों कम कर दिए हैं। जब जंगल खत्म होते हैं तो हिरण, सांभर जैसे शाकाहारी जानवर भी कम हो जाते हैं, जिससे बाघों को शिकार नहीं मिल पाता।

भूखे और असुरक्षित बाघ मानव बस्तियों की ओर आ जाते हैं और अक्सर मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाएँ सामने आती हैं। बाघ एक की-स्टोन स्पीशीज़ है, यानी पूरे जंगल के संतुलन का रखवाला। बाघ के बिना जंगल का पर्यावरण तंत्र असंतुलित हो जाएगा। बाघों की कमी का सीधा असर जंगलों की हरियाली, जैव विविधता और जलवायु पर पड़ता है। यदि बाघ लुप्त हो गए तो यह केवल एक प्रजाति का नुकसान नहीं होगा, बल्कि पूरी पारिस्थितिकी पर गहरा संकट आएगा। सरकार ने प्रोजेक्ट टाइगर जैसे कई प्रयास किए हैं, जिससे पिछले कुछ वर्षों में बाघों की संख्या में कुछ सुधार हुआ है। लेकिन चुनौतियाँ अभी भी बड़ी हैं। अवैध शिकार, जंगलों में विकास कार्य, सड़क और रेल परियोजनाएँ बाघों के लिए खतरा बनी हुई हैं। साथ ही स्थानीय समुदायों को संरक्षण में भागीदार बनाना भी बेहद आवश्यक है।

बाघ का संरक्षण केवल एक जानवर को बचाने की बात नहीं है, बल्कि यह प्रकृति और पर्यावरण को बचाने का अभियान है। अगर आज हमने कदम नहीं उठाए तो आने वाली पीढ़ियाँ बाघ को केवल किताबों और तस्वीरों में ही देख पाएंगी। इसलिए यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम बाघों और जंगलों को बचाएँ और धरती को संतुलित और सुरक्षित बनाएँ।

# राधा अष्टमी आजः गोविंद देवजी मंदिर में 45 मिनट तक 121 किलो पंचामृत से होगा जन्माभिषेक

- बधाई गान के बीच टॉफी-खिलौने-फल से भरी 51 टोकरियां भक्तों में लुटाई जाएगी
- ठाकुरजी संग फूलों के गोविंद महल में होंगी विराजमान

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर



ठाकुर श्रीजी की प्रियाजु राधा किशोरी जी का जन्मोत्सव भाद्रपद शुक्ल अष्टमी रविवार को राधा अष्टमी के रूप में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की तरह धूमधाम से मनाया जाएगा। छोटीकाशी के सभी कृष्ण मंदिरों में राधा अष्टमी उत्सव के रूप में भक्ति भाव से मनाई जाएगी। शनिवार को आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। मुख्य आयोजन गोविंद देवजी मंदिर में होगा। शनिवार को बंगाली महिला मंडल की ओर से अष्टप्रहर नाम संकीर्तन शुरू हुआ। यह लगातार 24 घंटे जारी रहेगा। मंदिर के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने बताया कि सुबह मंगला झांकी के बाद मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में राधा जी का 121 किलो पंचामृत, सर्वोषधि और केसर जल से अभिषेक किया जाएगा।

पंचामृत तैयार करने में 80 किलो दूध, 30 किलो दही, दो किलो बूरा, एक किलो शहद, एक किलो घी और शेष केसर जल का उपयोग किया जाएगा। करीब 45 मिनिट तक अभिषेक का क्रम चलेगा। इससे पूर्व शालिग्रामजी और तिथि पूजन संपन्न होगा। अभिषेक के दौरान राधाजी को ठाकुरजी से आगे लाया जाएगा। राधाजी के जन्माभिषेक के समय ठाकुरजी के दर्शन नहीं होंगे। धूप झांकी में छप्पन भोग की झांकी सजाई जाएगी तथा अधिवास पूजन होगा। श्रृंगार झांकी में मुख्य जन्मोत्सव पूजन होगा।

खीरसा, रबड़ी कुल्हड़, सागारी लड्डे, पंजीरी लड्डू का भोग लगाया जाएगा। इसी झांकी में बधाइयां गाई जाएंगी। मंदिर और भक्तों की ओर से फल, खिलौने, टॉफी, चॉकलेट की 51 टोकरियां भक्तों में लुटाई जाएगी। शाम को श्रृंगार झांकी में राधा रानी ठाकुरजी संग फूलों के गोविंद महल में विराजमान होकर दर्शन देंगी। महिला मंडल की ओर से बधाइगान और उछाल होगी। गोविंद देवजी मंदिर के सभी मातहत मंदिरों में भी राधाष्टमी मनाई जाएगी।पुरानी बस्ती स्थित गोपीनाथ जी मंदिर में महंत सिद्धार्थ गोस्वामी के सान्निध्य में तथा चौड़ा रास्ता स्थित राधा दामोदरजी मंदिर में महंत मलय गोस्वामी के सान्निध्य में राधाष्टमी उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। चौड़ा रास्ता के मदन गोपाल जी और त्रिपोलिया गेट के सामने स्थित विनोदी लाल जी मंदिर में भी राधाष्टमी महोत्सव भक्तिभाव से मनाया जाएगा।

**'लाड़ली जी मंदिर में होंगे राधाजी के चरण दर्शन'** रामगंज बाजार स्थित मंदिर श्री लाड़ली जी में ललित संप्रदायाचार्य मंहत संजय गोस्वामी के सानिध्य में राधाष्टमी महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। सुबह साढ़े पांच बजे अरुणोदय की वेला के समय श्री राधाजी का जन्माभिषेक होगा। इसके बाद पंचामृत प्रसाद वितरण होगा सुबह 8ः30 बजे धूप आरती में चरण दर्शन होंगे। यह चरण दर्शन केवल राधाष्टमी को ही होते हैं। सुबह 9ः30 बजे श्रृंगार आरती और पालना दर्शन होंगे। अपराह्न 3 से शाम 6 बजे तक पालना दर्शन हेरी समाज, ग्वारिया समाज, दधिकांदो उत्सव होगा। बधाइगान के साथ फल, वस्त्र, खिलौने, टॉफी की उछाल की जाएगी। शाम 7 से रात्रि 11 बजे तक दर्शन पालना झांकी, बधाईयां, भक्ति संगीत का कार्यक्रम होगा। किशोरी जी को हल्का गर्म दूध, केसर, पिस्ता, बादाम युक्त मक्खन, रबड़ी, खीरसा, गुलाब सकरी, मिश्री मावा , बर्फी और लड्डू सहित अनेक व्यंजनों का भोग लगाया जाएगा।

**'सरस निकुंज में आचार्यों की बधाइयों से रिझाएंगे किशोरीजी को'** सुभाष चौक पानों का दरीबा स्थित श्री शुक संप्रदाय की प्रधान पीठ श्री सरस निकुंज में शुक संप्रदाय पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज के सानिध्य में राधाष्टमी पर्व मनाया जाएगा।

## न्यूज़ ब्रीफ

### राजस्थान गौरव सम्मान समारोह आजः प्रदेश की लब्ध प्रतिष्ठित प्रतिभाओं का होगा सम्मान

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

''संस्कृति युवा संस्था'' की ओर से प्रदेश की लब्ध प्रतिष्ठित प्रतिभाओं को स्टेशन रोड स्थित होटल आईटीसी राजपूताना शेरेटन मे ''राजस्थान गौरव'' सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। संस्कृति युवा संस्था के अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा ने बताया कि 30वें ''राजस्थान गौरव'' अवार्ड समारोह में प्रदेश की लब्ध प्रतिष्ठित प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा । इसमें साहित्य, कला, शिक्षा, प्रशासनिक सेवा, पुलिस सेवा, समाज सेवा, चिकित्सा सहित विभिन्न प्रतिभाओं को ''राजस्थान गौरव'' के अलंकरण से विभूषित किया जायेगा।मिश्रा ने बताया कि इस समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े जी होंगे। इस अवसर पर प्रतिभाओं को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र, दूपट्टा देकर ''राजस्थान गौरव'' के अलंकरण से विभूषित किया जायेगा।

### पौधारोपण अभियान के साथ प्रकृति संरक्षण का संकल्प



■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

अमृता देवी पर्यावरण संस्थान एवं महर्षि अरविन्द इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस एंड मैनेजमेंट की ओर से शनिवार से पौधरोपण अभियान की शुरूआत की गई। पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने एवं प्रकृति के संरक्षण के संकल्प के साथ शुरू किए गए इस अभियान में बडी संख्या में लोगों ने बढचढ कर हिस्सा लिया। पेड़ बचाओ देश बचाओ के स्लोगन के साथ इस अवसर पर रैली भी निकाली गई एवं विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण किया गया। पौधारोपण के साथ ही उस पौधे की जिम्मेदारी भी नजदीक के लोगों को सौंपी गई। कार्यक्रम के बाद संस्थान के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. मयंक शर्मा ने पौधारोपण की महत्ता पर प्रकाश डाला एवं ग्लोबल वार्मिंग जैसी समस्याओं के बारे में बताया। उन्होंने रैली एवं पौधारोपण अभियान में शामिल हुए सभी लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### राजस्थान कारागार विभाग में बड़ा फेरबदल : 34 अधिकारियों का पदस्थापन व पदोन्नति आदेश जारी

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

राजस्थान सरकार ने कारागार विभाग में बड़े पैमाने पर प्रशासनिक फेरबदल किया है। शनिवार को जारी आदेश में 34 अधिकारियों का पदस्थापन व पदोन्नति की गई है। इसमें जेल अधीक्षकों, उप अधीक्षकों और जेलरों को नये पदों पर नियुक्त किया गया है।

**'डीआईजी स्तर पर बदलाव'** मोनिका अग्रवाल को डीआईजी जेल रेंज जयपुर से डीआईजी जेल मुख्यालय जयपुर, सुमन मालीवाल अधीक्षक सेंट्रल जेल बीकानेर को पदोन्नति पर डीआईजी जेल रेंज जयपुर, अधीक्षक सेंट्रल जेल कोटा राजेन्द्र कुमार को पदोन्नति पर डीआईजी जेल रेंज उदयपुर, अधीक्षक सेंट्रल जेल जयपुर राकेश मोहन शर्मा को पदोन्नति पर डीआईजी जेल रेंज जोधपुर पदस्थापित किया गया है।

**'सेंट्रल जेल अधीक्षक स्तर पर पदस्थापन'** पदोन्नति पर आर अनंतेश्वर को अधीक्षक सेंट्रल जेल अजमेर, शिवेंद्र कुमार शर्मा को सेंट्रल जेल अलवर, प्रमोद सिंह को सेंट्रल जेल जयपुर, भैरु सिंह राठौड़ को सेंट्रल जेल कोटा, महावीर प्रसाद मीणा को सेंट्रल जेल श्रीगंगानगर और प्रशासनिक आधार पर अभिषेक शर्मा को सेंट्रल जेल बीकानेर नियुक्त किया गया है।

**'जिला जेल अधीक्षक स्तर पर बदलाव'** प्रशासनिक आधार पर वैभव भारद्वाज को अधीक्षक जिला जेल जयपुर, पदोन्नति पर निरंजन शर्मा को जिला जेल झालावाड़, नरेंद्र स्वामी को जिला जेल चित्तौड़गढ़, योगेश तेजी को जिला जेल हनुमानगढ़, जयवर्धन सिंह को जिला जेल टोंक, पृथ्वी सिंह कविया को जिला जेल बारां, पारस मल को विशेष सेंट्रल जेल श्यालावास, सम्पति को जिला जेल सवाई माधोपुर, इन्द्र कुमार को जिला जेल सीकर, सुरेश मीणा को जिला जेल बांसवाड़ा, सौरभ स्वामी को जिला जेल प्रतापगढ़, सुमन कुमारी मीणा को जिला जेल धौलपुर और शैलेंद्र फौजदार को अधीक्षक जिला जेल भीलवाड़ा नियुक्त किया गया है।

**'उप अधीक्षक स्तर पर पदोन्नति'** प्रशासनिक आधार पर मुक्ति यादवंशी उप अधीक्षक जिला जेल दौसा को उप अधीक्षक महिला सुधारगृह जयपुर, पदोन्नति पर सरोज बिश्नोई जेलर महिला सुधारगृह जयपुर को उप अधीक्षक जेल मुख्यालय जयपुर, जेलर जगदीश प्रसाद पूनिया को जेल प्रशिक्षण संस्थान अजमेर, रोहित कौशिक को सेंट्रल जेल कोटा, अन्य उपस्थित थें।

# 'परिचय-2025' में फ्रेशर्स ने दिखाया टैलेंट

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर




जेके लक्ष्मीपत विश्वविद्यालय में फ्रेशर्स के लिए आयोजित वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम 'परिचय-2025' में स्टूडेंट्स ने अपनी क्रिएटिविटी दिखाई। बारिश के बाद भी पूरे उत्साह और उमंग के साथ आयोजन सम्पन्न हुआ।

प्रस्तुतियों में टैलेंट हंट, रैम्प वॉक, संगीत एवं नृत्य प्रदर्शन और अन्य रंगारंग कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। समारोह के दौरान मिस्टर एवं मिस फ्रेशर और किंग एंड क्वीन ऑफ टैलेंट पुरस्कार भी प्रदान किए गए। यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ. विजय शेखर ने फ्रेशर्स का स्वागत करते हुए कहा कि 'परिचय' केवल एक समारोह नहीं, बल्कि यह विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और प्रतिभा को निखारने का मंच है।

स्टूडेंट अफेयर्स इंचार्ज दीपक सोगानी ने बताया कि बारिश ने इस आयोजन को और यादगार बना दिया। उन्होंने कहा, फ्रेशर्स का जोश और भागीदारी इस बात का प्रमाण है कि प्रतिभा कभी रुकती नहीं। यह कार्यक्रम नए विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय परिवार से जोड़ने का अद्भुत प्रयास है। कार्यक्रम के समापन पर दीपक सोगानी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए सभी फ्रेशर्स, आयोजन समिति, वॉलंटियर्स, और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

# सक्षम जयपुर अभियान शिविरों में होगी आमजन की एनसीडी एवं टीबी की स्क्रीनिंग

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर




राज्य सरकार की बजट घोषणा एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजना अनुसार सक्षम जयपुर अभियान के अन्तर्गत जिले में आयोजित होने वाले शिविरों में आने वाले लोगों की एनसीडी स्क्रीनिंग एवं टीबी की स्क्रीनिंग की जाएगी और उपचार प्रदान किया जाएगा।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशानुसार राज्य सरकार की बजट घोषणा एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजना अनुसार सक्षम जयपुर अभियान के अन्तर्गत जिले में आयोजित होने वाले शिविरों में आने वाले लोगों की एनसीडी स्क्रीनिंग एवं टीबी की स्क्रीनिंग की जाएगी। इसमें आने वाले 30 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों की आयुष्मान भारत आईडी बनाने के साथ ही बीपी, शुगर एवं कॉमन कैंसर की जाँच की जाएगी।

बीपी एवं शुगर की जाँच में पॉज़िटिव पाये गये एवं फॉलोअप पर आने वाले मरीजों का नियमानुसार उपचार कर एनसीडी पोर्टल पर आयुष्मान भारत आईडी के माध्यम से डाटा इन्द्राज किया जाएगा। साथ ही आगंतुकों को बीमारियों से बचाव हेतु जीवन शैली में परिवर्तन हेतु आवश्यक सलाह दी जाएगी।

# श्री अग्रवाल समाज समिति जयपुर ने किया हेड़े की परिक्रमा का स्वागत



■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

भगवान श्री राधागोपाल जी की 207 वीं हेड़े की परिक्रमा का श्री अग्रवाल समाज समिति जयपुर के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश भाड़ेवाला के नेतृत्व में अग्रवाल समाज की ओर से आगरा रोड स्थित अग्रसेन कटला के मुख्य द्वार पर पुष्प वर्षा व आरती उतारकर भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर समिति के संयुक्त मंत्री कमल नानूवाला,कार्यकारिणी सदस्य सुभाष चन्द्र अग्रवाल मेड़वाला,ष्याम बाबू बैंक वाले, जामडोली के अध्यक्ष रामावतार अग्रवाल, राम नारायण गर्ग,पुष्पेन्द्र गुप्ता,राम प्रसाद अग्रवाल व एडवोकेट जगदीष जैन ने सहित समाज के अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि हेड़े की परिक्रमा में श्रीराधा-गोपालजी के स्वरूप 170 साल पुरानी सोने का काम की हुई रत्न जडित 30 किलो वजनी सोने के वर्क की पारचे की पोशाक धारण कर नगर भ्रमण पर निकलें। भगवान के स्वरूप को 400 किलो वजनी पालकी में सवार कर के यात्रा निकली जाती हैं। करीब 198 साल पहले संवत् 1876 में अग्रवाल समाज के लोगों ने गोपालजी का मंदिर बनाकर गोपालजी की नगर परिक्रमा निकालना शुरू किया था। उस समय महाराजा ने परिक्रमा से प्रभावित होकर इस जयपुर की विरासत की उपाधि प्रदान की।

# श्रीमहावीर जी की 39 वीं पदयात्रा 17 सितम्बर को जयपुर से होगी रवाना होगी

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर



भगवान महावीर के 2551 वें निर्वाणोत्सव वर्ष में भगवान महावीर के सिद्धांत जीओ और जीने दो सहित विश्व शांति का संदेश देने, अहिंसा, शाकाहार का प्रचार-प्रसार करने के उद्देश्य से श्री दिगम्बर जैन पदयात्रा संघ, जयपुर के तत्वावधान में जयपुर से श्री महावीर जी की 39 वीं पदयात्रा संघ के संरक्षक सुभाष चन्द जैन एवं पदयात्रा के संयोजक सोभाग मल जैन के नेतृत्व में बुधवार, 17 सितम्बर को आगरा रोड पर खानिया स्थित संगही जी की नसिया से रवाना होगी।प्रचार प्रभारी विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि बुधवार, 17 सितम्बर को दोपहर 3 बजे जयपुर से प्रस्थान करने वाली इस पदयात्रा के बहुरंगीय पोस्टर का विमोचन दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी के अध्यक्ष एडवोकेट सुधान्शु कासलीवाल ने एक सादा समारोह में किया। इस मौके पर कासलीवाल ने पदयात्रा के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जैन संस्कृति, तीर्थ संरक्षण, अहिंसा, शाकाहार एवं भगवान महावीर के सिद्धांतों का प्रचार-प्रसार करने में पदयात्राओं की बडी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। विमोचन के मौके पर संरक्षक सुभाष चन्द जैन, संयोजक सोभाग मल जैन, कार्यकारिणी सदस्य सूर्य प्रकाश छाबड़ा सहित जैन समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बताया जा रहा है कि पदयात्रा मार्ग में विभिन्न धार्मिक आयोजन किए जाएंगे। पदयात्रा में महिलाएं भी शामिल होगी।

**'इन मार्गो से होती हुई गुजरेगी पदयात्रा'**यह पदयात्रा 18 सितम्बर को मोहनपुरा,19 सितम्बर को दौसा,20 सितम्बर को सिकन्दरा,21 सितम्बर को गुढ़ाचंद्रजी,नादौती होते हुए सोमवार, 22 सितम्बर को श्री महावीर जी पहुंचेगी । जहां विशाल जूलूस के साथ पदयात्री भगवान महावीर के सामूहिक दर्शन करेंगे। दोपहर 2 बजे पदयात्री सम्मान समारोह होगा आयोजित होगा । सायंकाल महाआरती एवं भक्ति संध्या का आयोजन किया जाएगा।

मंगलवार, 23 सितम्बर को प्रातः संगीतमय शांति विधान पूजा का आयोजन किया जाएगा। दोपहर 2 बजे पदयात्री बसों के माध्यम से जयपुर के लिए रवाना होंगे। पदयात्रा समापन पर श्री महावीरजी से जयपुर आने के लिए संघ की ओर से बसों की निःशुल्क व्यवस्था रहेगी।

**'पदयात्रा में धार्मिक ज्ञान प्रकाश प्रतियोगिता होगी आयोजित'** पदयात्रा के दौरान धार्मिक प्रश्न मंच, कवि सम्मेलन, मेरा भारत महान हाऊजी, धार्मिक ज्ञान प्रकाश प्रतियोगिता आदि विशेष आयोजन किए जाएंगे। संरक्षक सुभाष चन्द जैन के मुताबिक पदयात्रा के लिए मानसरोवर निवासी सोभाग मल जैन को संयोजक तथा भाग चन्द गोधा, दिनेश पाटनी ,महेश जैन, राजेश शाह, सुकुमार जैन,ज्ञान चन्द जैन, अरुणा दीवान एवं राजीव अजमेरा को जयपुर महानगर से सह संयोजक बनाया गया है। इसी तरह से पंकज बडजात्या (चौमू), विक्रम पाण्डया (खोरा), शांति कुमार चांदवाड (कोटखावदा ), आशीष जैन (बांदीकुई ), शैफाली काला (धौंद), आशिका जैन (जोबनेर ), सुरेश जैन (सीकर) एवं श्वेता जैन (चंदलाई ) को क्षेत्रीय सह संयोजक बनाया गया है।संयोजक सोभाग मल जैन ने बताया कि पदयात्रा के लिए संघ की ओर से जयपुर के विभिन्न दिगम्बर जैन मंदिरों सहित आसपास के गांवों -कस्बों में लगातार जनसम्पर्क किया जा रहा है।

## 'इवोक- द इवेंट इंडस्ट्री कन्वेंशन' का आयोजन पांच सितम्बर से जयपुर में

# किलों, महलों और शाही मेहमाननवाज़ी के बीच इवेंट इंडस्ट्री का शाही अनुभव

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर




अपनी संस्कृति, शानदार मेहमाननवाज़ी और शाही हेरिटेज के लिए पहचाना जाने वाला राजस्थान अब लाइव एक्सपीरियंस, थीम वेडिंग्स और डेस्टिनेशन इवेंट्स का उभरता केंद्र बन रहा है। इसी बढ़ते रुझान और संभावनाओं को और मजबूती देने के लिए, एसोसिएशन ऑफ़ इवेंट आंत्रप्रेन्योर्स (एईई) की ओर से 5 से 7 सितम्बर 2025 तक जयपुर में 'इवोक- द इवेंट इंडस्ट्री कन्वेंशन' का आयोजन किया जा रहा है।

यह तीन दिवसीय कार्यक्रम व्यवसाय और अनुभव का अनोखा संगम प्रस्तुत करेगा।5 सितम्बर को उद्घाटन समारोह बिज़नेस एक्सपो (30+ ब्रांड होटल्स और स्पेशलाइज्ड एजेंसियां शामिल) और बी2बी मीटिंग्स। शाम को भव्य 'पोलो रॉयल संडाउनर एवं नेटवर्किंग गाला' रामबाग पैलेस में आयोजित होगा। 6 सितम्बर को इंडस्ट्री-स्पेसिफिक एक्ज़ीबिशन और चर्चा सत्र, इसके बाद ऐतिहासिक जयगढ़ किले में भव्य गाला डिनर।7 सितम्बर को सम्मेलन का समापन फ्यूचर फ़ॉरवर्ड डायलॉग्स और एक्सपीरिएंशियल शोकेस के साथ, जिससे आगंतुकों को यादगार अनुभव और नए अवसर मिलेंगे।इस कार्यक्रम की भूमिका बताते हुए एईई के प्रेसिडेंट समीर बाबेल ने कहा- इवोक डिजाइन्ड टू इंस्पायर, बिल्ट टू इवोक थीम के तहत यह आयोजन देशभर के वेडिंग प्लानर्स, कॉर्पोरेट हाउस, इवेंट प्रोफेशनल्स, हॉस्पिटैलिटी एक्सपर्ट्स और एक्ज़ीबिटर्स को एक ही मंच साझा करने का अवसर देगा। क्यूरेटेड बी2बी मीटिंग्स और इमर्सिव शोकेस के जरिए यह आयोजन नए विचारों को जन्म देने, साझेदारियों को मजबूती देने और भविष्य की नई राहें खोलने में मदद करेगा।एईई के सेक्रेटरी राजेश जैन ने बताया- इवोक सिर्फ़ एक इवेंट नहीं, बल्कि राजस्थान की धरोहर और इवेंट इंडस्ट्री में व्याप्त संभावनाओं का मंच है।

यह दिखता है कि कैसे राजस्थान अपनी हेरिटेज और इंफ्रास्ट्रक्चर को मिलाकर वेडिंग्स और एमआईसीई सेक्टर के लिए एक ग्लोबल डेस्टिनेशन बन रहा है। वहीं एईई के सेक्रेटरी अमितेश तालुका ने कहा- 'इवोक' राजस्थान की शाही संस्कृति और हॉस्पिटैलिटी परंपरा को नया आयाम दे रहा है और आधुनिक इवेंट उत्कृष्टता का नया अध्याय भी लिख रहा है। तीन दिन के इस सम्मेलन में आगंतुक जयपुर की धरोहर, शाही वास्तुकला और जीवंत संस्कृति का अनोखा अनुभव करेंगे।इस तीन दिवसीय सम्मेलन में आगंतुक जयपुर की धरोहर की भव्यता और जीवंतता का अनुभव करेंगे।

# मारवाड़ी युवा मंच की ओर से आयोजित होगा साइक्लोथॉन-5



■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

मारवाड़ी युवा मंच की ओर से आयोजित साइक्लोथॉन-5 का आयोजन रविवार को किया जाएगा। इसी कड़ी में कार्यक्रम का पोस्टर विमोचन शनिवार को ज्वैलर्स एसोसिएशन भवन में संपन्न हुआ।पोस्टर विमोचन अवसर पर ज्वैलर्स एसोसिएशन के उपाध्यक्ष राजू मंगोड़ी वाला, सचिव नीरज लूनावत, पूर्व अध्यक्ष डी.पी. खंडेलवाल, मारवाड़ी युवा मंच के संस्थापक अध्यक्ष केदार गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष मनीष खंडेलवाल एवं कार्यक्रम संयोजक राहुल रावत उपस्थित रहे।

साइक्लोथॉन का उद्देश्य स्वास्थ्य, फिटनेस एवं जन जागरूकता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। यह आयोजन न केवल युवाओं बल्कि सभी आयु वर्ग के लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करेगा।

# शारदीय नवरात्रि 22 सितंबर से:9 की जगह 10 दिन के होगे नवरात्रि

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

शारदीय नवरात्रि 22 सितंबर से शुरू होने जा रहे है। इस बार 9 की जगह 10 दिन के होगे। ज्योतिष गणना के अनुसार नवरात्रों की एक तिथि बढ़ना काफी शुभ माना जा रहा है। नवदुर्गा मंदिरों में इस बार शारदीय नवरात्रों की पूजा 10 दिन होगी। इस बार नवरात्रों में तृतीय तिथि दो दिनों 24 और 25 सितंबर तक रहेगी। तिथि बढ़ने के कारण नवरात्रों का समापन दिवस के दिन ही दशहरा मनाया जाएगा।

नवदुर्गा मंदिरों में इस बार शारदीय नवरात्रों की पूजा 10 दिन होगी। इस बार नवरात्रों में तृतीय तिथि दो दिनों 24 और 25 सितंबर तक रहेगी। तिथि बढ़ने के कारण नवरात्रों का समापन दिवस के दिन ही दशहरा मनाया जाएगा। ज्योतिषाचार्य राजेंद्र शास्त्री के अनुसार अश्विन माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा 22 सितंबर को रात 1-23 बजे से प्रारंभ होकर 23 सितंबर को रात 2-55 बजे तक रहेगी। इसके कारण एक नवरात्र दिवस बढ़ेगा।

**'हाथी पर सवार होकर आएगी माता'** ज्योतिषाचार्य राजेंद्र शास्त्री ने बताया कि इस बार नवरात्र सोमवार से प्रारंभ हो रहे हैं।

इसलिए माता दुर्गा का वाहन हाथी रहेगा। पुरातन धार्मिक मान्यता है कि हाथी पर माता का आगमन सुख-समृद्धि, शांति और भरपूर वर्षा का प्रतीक होता है। इससे राज्य और देश में अन्न-धन की वृद्धि और समृद्धि का संकेत मिलता है। जो सभी के शुभ मंगल दायक होगा।

**'अधिकमास के चलते 10 दिन पहले आ रहे है प्रमुख त्यौहार'** वर्ष - 2023 में अधिकमास था और अगला अधिकमास वर्ष 2026 में आएगा। जो 17 मई से 15 जून तक रहेगा। इसी कारण इस बार श्रावण मास 11 जुलाई से शुरु हुआ था। जो 8 अगस्त तक रहा। जबकि गत बार 22 जुलाई से प्रारंभ हुआ था। गत वर्ष की तुलना में इस बार सभी प्रमुख त्यौहार जल्दी आ रहे है। इसमें गणेश चतुर्थी,अनंत चतुर्थदशी,सर्व पितृ अमावस्या,नवरात्र ,दशहरा और दीपावली गत वर्ष की अपेक्षा 10 दिन पहले आ रहें है।

**'नवरात्र का क्रम'** 22 सितंबर (सोमवार) - प्रतिपदा, 23 सितंबर (मंगलवार) - द्वितीया, 24 सितंबर (बुधवार) - तृतीया
25 सितंबर (गुरुवार) - तृतीया, 26 सितंबर (शुक्रवार) - चतुर्थी, 27 सितंबर (शनिवार) - पंचमी, 28 सितंबर (रविवार) - षष्ठी , 29 सितंबर (सोमवार) - सप्तमी, 30 सितंबर (मंगलवार) - अष्टमी, 01 अक्टूबर (बुधवार) - नवमी, 02 अक्टूबर (गुरुवार) - दशहरा।

# फर्जी कॉल सेंटरों सहित ठगी के लिए किराए पर बैंक अकाउंट मुहैया कराने वाली गैंग भी गिरफ्तार

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर











जयपुर जिले की दक्षिण पुलिस ने साइबर ठगी के खिलाफ दो कार्रवाई करते हुए फर्जी कॉल सेंटरों सहित ठगी के लिए किराए पर बैंक अकाउंट मुहैया कराने वाली गैंग के नौ आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 10 कंप्यूटर, दो लैपटॉप, 32 मोबाइल विथ सिम कार्ड, 14 सिम कार्ड, 30 एटीएम कार्ड, 4 चेक बुक, दो पासबुक, तीन वाई-फाई मॉडेम और 2.35 लाख रुपए नगदी बरामद की गई है। पुलिस जांच मे सामने आया कि आरोपियों के खिलाफ राजस्थान, झारखंड, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश समेत कई राज्यों में साइबर पोर्टल पर 25 शिकायत दर्ज हैं। करीब 10 करोड़ रुपए की साइबर ठगी का खुलासा हुआ है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

**'फर्जी आईडी से ई-मित्र खुलवाने का झांसा'** पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि साइबर सेल जयपुर दक्षिण, शिप्रा पथ थाना और मानसरोवर थाना पुलिस ने साइबर ठगी की वारदातों को लेकर शिप्रापथ थाना इलाके में फर्जी कॉल सेंटरों का खुलासा किया है। फर्जी कॉल सेंटर के माध्यम से करोड़ों रुपए की साइबर ठगी का खुलासा हुआ है। पकड़े गए आरोपी फर्जी आईडी देकर ई-मित्र की सेवाएं मुहैया कराने का झांसा देते थे. झांसे में आने के बाद लोगों से मोटी रकम वसूलते थे. दोबारा संपर्क करने पर पीड़ितों से संपर्क बंद कर देते थे. पुलिस ने फर्जी कॉल संचालन के मामले में काना राम गुर्जर (22) निवासी कोटखावदा जयपुर और संजय मीणा (26) निवासी बहरोड-कोटपुतली हाल शिप्रा पथ जयपुर को गिरफ्तार कर मौके से कंप्यूटर, एटीएम कार्ड, बैंक पासबुक समेत अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी बरामद किए हैं।

**'बैंक अकाउंट मुहैया कराने वाली गैंग ऑनलाइन ठगी के लिए झांसा देकर खुलवाते थे खाते'** पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण राजर्षि राज ने बताया वहीं दूसरी कार्रवाई के दौरान मानसरोवर इलाके में ऑनलाइन ठगी के लिए बैंक अकाउंट मुहैया कराने वाली गैंग के राकेश कुमार उर्फ हनी (26) निवासी सिंघाना जिला झुंझुनू,मुकेश सिह (30) निवासी गुढा जिला झुंझुनू ,अनुज कुमार (21) निवासी गुढा जिला झुन्झनू,अजरूदीन अहमद उर्फ अजर (26) निवासी शास्त्री नगर जयपुर ,आरिश खान (20) निवासी मनोहरपुर जयपुर भट्टा बस्ती जयपुर ,कन्हैया लाल पुर्बिया (24) निवासी काकरोली जिला राजसमंद हाल चित्रकूट जयपुर और चंद्रप्रकाश पुर्बिया (27) निवासी काकरोली जिला राजसमंद हाल चित्रकूट जयपुर को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी लोगों को पैसा या अन्य लाभ दिलाने का झांसा देकर उनके दस्तावेजों से बैंक अकाउंट खुलवाते थे। इसके बाद इन बैंक खातों को ऑनलाइन ठगी करने वाले लोगों को मुहैया करवाते थे। पुलिस ने इन आरोपों से चेक बुक, पासबुक, मोबाइल फोन और सिम कार्ड, लैपटॉप और 2.35 लाख रुपए नकदी समेत अन्य उपकरण भी बरामद किए हैं। दोनों कार्रवाई में साइबर सेल साउथ के हेड कांस्टेबल लोकेश कुमावत और कांस्टेबल महावीर की विशेष भूमिका रही।

**'गैंग का मुख्य सरगना हिस्ट्रीशीटर राकेश कुमार उर्फ हनी'** गैंग का मुख्य सरगना हिस्ट्रीशीटर राकेश कुमार उर्फ हनी है. साइबर फ्रॉड के लिए किराए पर बैंक खाता उपलब्ध करवाने के लिए नेटवर्क बना रखा था। साइबर फ्रॉड कॉल सेंटर और साइबर फ्रॉड के लिए बैंक खाता उपलब्ध करवाने वाली गैंग के कुल 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गैंग से मिले खातों के विरुद्ध राजस्थान, झारखंड, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश समेत विभिन्न राज्यों में साइबर पोर्टल पर 25 शिकायतें दर्ज हैं। करीब 10 करोड़ रुपए की साइबर ठगी का खुलासा हुआ है. आरोपी हिस्ट्रीशीटर राकेश कुमार उर्फ हनी के खिलाफ 11 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाया, नशे में किया युवती से दुष्कर्म

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

मुरलीपुरा थाना इलाके में एक युवती को नशीली कोल्ड ड्रिंक पिलाकर उसके साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बयानों के आधार पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है। थानाधिकारी वीरेंद्र कुरील ने बताया कि 18 वर्षीय युवती ने मामला दर्ज कराया है। आरोपी से कुछ महीनों पहले ही मुलाकात हुई थी। आरोपी ने उससे दोस्ती कर बातचीत शुरू की। 8 अगस्त को आरोपी ने उसे मिलने के बहानो से बुलाया और कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया। नशे की हालत में आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया और उसके अश्लील वीड़ियों बना लिए। नशे की हालत में आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया और उसके अश्लील वीड़ियों बना लिए। विरोध करने पर आरोपी ने वीड़ियों वायरल करने की धमकी दी और उसे ब्लैकमेल करने लगा। बताया जा रहा है कि आरोपी ने उसके चाचा को भी अपने साथ मिला लिया। जिसके बाद दोनो ने मिलकर पीड़िता से लाखों रुपए और उसके गहने ऐंठ लिए। दोनो मिलकर पीड़िता को आए दिन ब्लैकमेल करने लगे। रोज -रोज की धमकियों से परेशान होकर पीड़िता ने मामले की जानकारी अपने परिजनों को दी। गुस्साए परिजनों ने पीड़िता को थाने ले जाकर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरु कर दी है।

## परिजनों की डाट से नाराज युवती घर छोड़ भागी, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने ढूंढ कर परिजनों के किया हवाले

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

जयसिंहपुरा खोर थाना इलाके में परिजनों की डांट से नाराज होकर नाबालिग घर छोड़ कर फरार हो गई। काफी इंतजार के बाद परिजनों ने नाबालिग की शुमशुदगी दर्ज कराई। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने सैकड़ो सीसीटीपी फुटेज खंगालने के बाद नाबालिग को दस्तयाब कर लिया और परिजनों के सुपुर्द कर दिया ।डीसीपी (नॉर्थ) करण शर्मा ने बतायाकि जयसिंहपुरा के रहने वाले व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि उसकी 15 वर्षीय बेटी डांटने पर घर छोड़कर चली गई है। काफी ढूंढने के बाद भी बेटी का पता नहीं लगा। पुलिस ने नाबालिग के गुम होने पर मामला दर्ज करवाया है।डीसीपी (नॉर्थ) करण शर्मा ने बतायाकि जयसिंहपुरा के रहने वाले व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि उसकी 15 वर्षीय बेटी डांटने पर घर छोड़कर चली गई है। काफी ढूंढने के बाद भी बेटी का पता नहीं लगा। पुलिस ने नाबालिग के गुम होने पर मामला दर्ज करवाया है। पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेजों के आधार पर नाबालिग की तलाश शुरू की। पुलिस कॉन्स्टेबल मनोज कुमार ने फुटेज को खंगालते हुए पीछा किया। पीछा करते हुए नाबालिग को रहमत मस्जिद के पास से ढूंढ निकाला। नाबालिग से समझाइश कर उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

## चॉकलेट का झांसा देकर छह वर्षीय बच्ची का अपहरण, सुनसान जगह ले जाकर किया दुष्कर्म, घर के बाहर खेल रही थी बच्ची

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

गलतागेट थाना इलाके में पड़ोस में रहने वाले बदमाश ने घर के बाहर खेल रहीं 6 वर्षीय मासूम बच्ची को चॉकलेट का झांसा देकर उसे उठा कर ले गया और कारखाने में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। कुछ देर बाद बच्ची रोती-बिलखती अपने घर पहुंची। माँ के पूछने पर बच्ची ने पड़ोस वाले लड़के की हरकतों के बारे में बताया। जिसके बाद गुस्साए परिजनों ने नाबालिग को थाने ले जाकर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया। पुलिस ने पिता की शिकायत पर पॉस्को एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरु कर दी है। मामले की जांच कर रहे एडिशनल डीसीपी देवी सहाय मीणा ने बताया कि गलतागेट के रहने वाले पीड़ित पिता ने पड़ोस में रहने वाले लड़के के खिलाफ नाबालिग से दुष्कर्म करने का मामला दर्ज कराया है। आरोप है पड़ोस में रहने वाला युवक चॉकलेट दिलाने का झांसा देकर उसे कारखाने के अंदर ले गया और वहां पर उसके साथ दुष्कर्म किया। मामले की जानकारी बच्ची के घर लौटने पर चली। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरु कर दी है।

## जवाहर कला केंद्र में लोक सांस्कृतिक संध्या एक सितंबर को

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

जवाहर कला केंद्र जयपुर की ओर से रामदेव जयंती के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। एक सितंबर को होने वाली लोक सांस्कृतिक संध्या में लोक कलाकार तेरहताली नृत्य और लोक गायन की प्रस्तुति देंगे। इसी के साथ संवाद प्रवाह में नीरज कुमार त्रिपाठी, अधीक्षक जयपुर सर्किल पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग, कानोडिया कॉलेज के इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सुमन धनाका, लोक नृत्य विशेषज्ञ अंजना शर्मा और वरिष्ठ सांस्कृतिक पत्रकार संतोष शर्मा विचार रखेंगे। रंगायन सभागार में शाम पांच बजे से होने वाले कार्यक्रम में निशुल्क प्रवेश ले सकेंगे।

# जैविक वन औषधि पादप केन्द्र में संत आशीर्वाद समारोह का भव्य आयोजन





■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद की ओर से शनिवार को टोंक रोड सांगानेर स्थित पिंजरापोल गौशाला के जैविक वन औषधि पादप केन्द्र में संत आशीर्वाद समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि गृह राज्य एवं गोपालन मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने संतों के सानिध्य में गौ माता पूजन कर देश को विदेशी षड्यंत्रों से बचाने, प्राकृतिक प्रकोपों से सुरक्षा तथा राजस्थान को जैविक राज्य बनाने की कामना की।

अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद के अंतरराष्ट्रीय संयोजक डॉ. अतुल गुप्ता तथा हैनिमैन चैरिटेबल मिशन सोसाइटी की सचिव मोनिका गुप्ता के नेतृत्व में प्रदेशभर से पधारे गौ सेवकों ने मंत्री बेढम का शॉल, साफा, माल्यार्पण कर स्वागत एवं गोबर से बनी गोमाता की छवि भेंट कर सम्मान किया।

**'संतों के आशीर्वचन और विश्व शांति यज्ञ'** इस मौके पर प्रकाश दास महाराज, राघवाचार्य महाराज, गलता पीठ से अवधेश्वर आचार्य, गौशाला दास स्वामी ध्यान शून्यम, आचार्य पंडित विष्णु टोरडी और बटुकों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ काल भैरव आराधना कर विश्व शांति हेतु यज्ञ संपन्न कराया।

**'काल भैरव पूजा एवं यज्ञ'** कार्यक्रम में उपस्थित संतों और श्रद्धालुओं ने श्री काल भैरव भगवान की पूजा-अर्चना कर हवन में आहुतियां अर्पित कीं। गौऋषि प्रकाश दास महाराज सहित अनेक संतों ने अपने आशीर्वचनों में नियमित गौ सेवा पर बल दिया। इस अवसर पर अनेक श्रद्धालुओं ने गौ सेवा का संकल्प भी लिया।

**'गौ माता की सवामणी एवं वृक्षारोपण'** गौमाता की सवामणी हरे चारे, सब्जियों और ड्राई फ्रूट्स से की गई। साथ ही पीपल का वृक्ष रोपित कर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ वृक्ष-पूजन और पौधारोपण संपन्न हुआ।

**'महिलाओं के साथ टॉक शो'** समारोह में महिलाओं के साथ विशेष टॉक शो आयोजित किया गया, जिसमें मंत्री बेड़म ने कहा कि भारत का किसान गोपालन और जैविक खेती के बिना अधूरा है। उन्होंने आश्वस्त किया कि राज्य सरकार जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए हर संभव कदम उठाएगी। साथ ही उन्होंने महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण को सरकार की शीर्ष प्राथमिकता बताया।

**'राष्ट्रगान से आरंभ और समापन'** कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान से हुई और राष्ट्रगान के साथ ही समारोह का समापन किया गया। प्रदेशभर से आए गौभक्तों और श्रद्धालुओं ने इस अवसर पर मंत्री जवाहर सिंह बेड़म को जन्मदिन की शुभकामनाएँ भी दीं।

**लहरिया महोत्सव एवं सम्मान समारोह आज**

## वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण जागरूकता का दिया जायेगा संदेश कुल देवी जीण माता के सामूहिक 251 दीपों की महाआरती

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

अखिल भारतीय नाटाणी परिवार समिति की ओर से रविवार को खण्डाका हाउस पीतल फैक्ट्री के पास झोटवाड़ा रोड जयपुर में एक परिवार एक पौधा अभियान के तहत लहरिया महोत्सव एवं सम्मान समारोह दोपहर 3 बजे आम सभा एवं सायं 5.30 बजे से लहरिया कैट वॉक, श्रेष्ठ लहरिया परिधान, एकल नृत्य प्रतियोगिता, सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता एवं सायं 7.30 बजे कुलदेवी जीण माता के सामूहिक 251 दीपों की महाआरती करने के साथ ही प्रतिभावान एवं वरिष्ठ वृद्धजन सम्मान समारोह आयोजित करने के साथ ही सामूहिक प्रसादी का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में प्रवेश कूपन द्वारा किया जायेगा।

राष्ट्रीय अध्यक्ष दीनदयाल नाटाणी एवं कार्यक्रम संयोजक सुधीर नाटाणी ने बताया कि एक परिवार एक पौधा अभियान के तहत लहरिया महोत्सव एवं सम्मान समारोह में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार देकर सम्मानित करने के साथ ही समयनिष्ठ एवं भाग्यशाली पुरस्कार भी दिये जायेंगे।राष्ट्रीय अध्यक्ष दीनदयाल नाटाणी एवं कार्यक्रम संयोजक सुधीर नाटाणी ने बताया कि एक परिवार एक पौधा अभियान के तहत लहरिया महोत्सव एवं सम्मान समारोह में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार देकर सम्मानित करने के साथ ही समयनिष्ठ एवं भाग्यशाली पुरस्कार भी दिये जायेंगे। वरिष्ठ वृद्धजनों एवं प्रतिभावानों का सम्मान करने के साथ ही कार्यक्रम में शिरकत करने वाले सभी सदस्यों को वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण जागरूकता के संदेश देने के साथ ही स्वच्छता के लिये प्रेरित किया जायेगा। सांस्कृतिक आयोजन समिति के शिमला नाटाणी, रजनी नाटाणी, कंचन नाटाणी, कुसुम नाटाणी, हेमलता नाटाणी और अनिता नाटाणी ने बताया कि सर्वश्रेष्ठ लहरिया केट वॉक एकल नृत्य प्रतियोगिता सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। सांस्कृतिक आयोजन समिति के शिमला नाटाणी, रजनी नाटाणी, कंचन नाटाणी, कुसुम नाटाणी, हेमलता नाटाणी और अनिता नाटाणी ने बताया कि सर्वश्रेष्ठ लहरिया केट वॉक एकल नृत्य प्रतियोगिता सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। अखिल भारतीय नाटाणी परिवार समिति के राष्ट्रीय महामंत्री गोविन्द नाटाणी ने बताया कि कार्यक्रम में लहरिया कार्यक्रम के पुरस्कार मगनी देवी एवं प्रतिभावान पुरस्कार नरेश अग्रवाल शिव शक्ति पोलीमर्स के द्वारा दिये जायेंगे। कार्यक्रम में खण्डेलवाल वैश्य समाज के गणमान्य व्यक्तियों सहित जयपुर शहर के जन प्रतिनिधियों को भी कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है।

## कार ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर : हादसे में युवक की मौत

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

आमेर थाना इलाके में शुक्रवार देर रात बाइक से सड़क पार रहे एक युवक को कार ने टक्कर मार दी। बाइक और कार में हुई भीषण भिड़ंत से कार और बाइक क्षतिग्रस्त हो गए। दुर्घटना में घायल युवक को स्थानीय लोग एसएमएस लेकर गए। लेकिन खून अधिक बहने से युवक की मौत हो गई।दुर्घटना में घायल युवक को स्थानीय लोग एसएमएस लेकर गए। लेकिन खून अधिक बहने से युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को शनिवार सुबह मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा। पुलिस के अनुसार दिल्ली रोड पर दायाला की ढाणी के सामने बाइक से रोड पार कर रहे ग्यारसीलाल सैनी को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। इस टक्कर के बाद कार डिवाइडर से जा भिड़ी। बाइक सवार युवक टक्कर लगने से दस फीट से अधिक उछला और सड़क पर गिरा। मृतक ग्यारसी लाल सैनी के सिर और अन्य जगहों पर गंभीर चोट आई। दुर्घटना के दौरान कार चालक के भी चोट आई। मौके पर पहुंची पुलिस ने बाइक सवार को एसएमएस के लिए रवाना हुए। लेकिन अत्यधिक खून बहने के कारण डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## स्कूल व्याख्याता (हिन्दी) भर्ती परीक्षा मामला- डमी केंडिडेट बिठा कर परीक्षा पास कराने वाले दम्पति गिरफ्तार

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर



स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने कार्रवाई करते हुए डालू राम मीणा और उसकी पत्नी मौसम मीणा को स्कूल व्याख्याता (हिन्दी) भर्ती परीक्षा में डमी कैंडिडेट बिठा कर परीक्षा पास कराने के मामले में गिरफ्तार किया हैं। आरोपी ने खुद की पत्नी मौसम मीणा को भाभी रेखा मीणा के लिए डमी कैंडिडेट बनाकर टीचर भर्ती परीक्षा 2022 की परीक्षा में बैठाया था। जिस के कारण आरोपी रेखा मीणा परीक्षा में पास हुई और नौकरी पर लगी।अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एटीएस एवं एसओजी वीके सिंह ने बताया कि डालूराम मीणा एसआई भर्ती परीक्षा 2021 में खुद के जगह दूसरे को डमी कैंडिडेट बिठा कर परीक्षा में पास हुआ और एसआई बन गया था। जिस के कारण आरोपी रेखा मीणा परीक्षा में पास हुई और नौकरी पर लगी।अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एटीएस एवं एसओजी वीके सिंह ने बताया कि डालूराम मीणा एसआई भर्ती परीक्षा 2021 में खुद के जगह दूसरे को डमी कैंडिडेट बिठा कर परीक्षा में पास हुआ और एसआई बन गया था। एसओजी ने सबसे पहले डालू राम मीणा को ही गिरफ्तार किया था। आरोपित ने खुद की पत्नी मौसम मीणा (31) निवासी ठेकडा पुलिस थाना महवा जिला दौसा हाल तृतीय श्रेणी शिक्षक लेवल द्वितीय राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय धेणुओं की ढाणी, भैरू नगर, ओस्तरा, भोपालगढ़ जोधपुर को भाभी रेखा मीणा के लिए स्कूल व्याख्याता (हिन्दी) भर्ती परीक्षा 2022 में डमी कैंडिडेट बनाकर परीक्षा में बिठाया था।

## राह चलती महिलाओं से छेड़छाड़ करने वाला बैंक मैनेजर गिरफ्तार

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

मानसरोवर थाना इलाके में मनचले बैंक मैनेजर को राह चलती महिलाओं से छेड़छाड़ करना भारी पड़ गया। पीड़ित महिला की शिकायत पर पुलिस ने सैकड़ों सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद आरोपी को बापर्दा गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से छेड़छाड़ के काम में ली जाने वाली स्कूटी बरामद की है। डीसीपी राजर्षि राज ने बताया कि हीरापथ मानसरोवर निवासी दीपक कुमार वर्मा (33) प्राईवेट बैंक में मैनेजर के पद पर कार्यरत है। पीड़िता ने मामला दर्ज कराया है कि वो 25 अगस्त की सुबह लाइब्रेरी जा रहीं थी। इसी दौरान स्कूटी सवार ने उसे पीछे से टक्कर मारी और छेड़छाड़ करने लगा। इसी दौरान स्कूटी सवार ने उसे पीछे से टक्कर मारी और छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने पीड़िता को थप्पड़ मार दिया। राहगीरों की भीड़ जमा होती आरोपी मौके से फरार हो गया। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज में आरोपी की पहचान कर स्कूटी नंबरों के आधार पर उसे दबोच लिया।

## राधा अष्टमी महोत्सव आज : भक्ति और प्रेम का दिव्य होगा संगम

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

भक्ति और प्रेम की प्रतीक श्री राधा रानी जी का प्राकट्य दिवस राधाष्टमी पूरे भक्त समुदाय के लिए एक विशेष अवसर होता है। इसी पावन अवसर पर राजेश्वरी देवी की ओर से रविवार को राधा अष्टमी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह भव्य महोत्सव कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ राजस्थान सत्य विहार, विधायक नगर जयपुर में प्रातः साढ़े दस बजे से दोपहर एक बजे तक संपन्न होगा। यह अवसर केवल धार्मिक अनुष्ठान भर नहीं है, बल्कि जगद्गुरु स्वामी कृपालु महाराज की प्रेरणा से आयोजित होने वाला एक ऐसा आध्यात्मिक संगम है ।यह भव्य महोत्सव कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ राजस्थान सत्य विहार, विधायक नगर जयपुर में प्रातः साढ़े दस बजे से दोपहर एक बजे तक संपन्न होगा। यह अवसर केवल धार्मिक अनुष्ठान भर नहीं है, बल्कि जगद्गुरु स्वामी कृपालु महाराज की प्रेरणा से आयोजित होने वाला एक ऐसा आध्यात्मिक संगम है । जिसमें भक्ति, प्रेम और कीर्तन का अनुपम आनंद मिलेगा। राजेश्वरी देवी की गरिमामयी उपस्थिति इस महोत्सव को और भी दिव्य बनाएगी। इस महोत्सव की मुख्य विशेषताएं यह रहेगी भक्ति और कीर्तन से ओतप्रोत वातावरण, जिसमें हर हृदय भक्ति रस से सराबोर होगा। राजेश्वरी देवी का आशीर्वचन, जो श्रद्धालुओं को जीवन में आध्यात्मिक मार्गदर्शन प्रदान करेगा। राजेश्वरी देवी का आशीर्वचन, जो श्रद्धालुओं को जीवन में आध्यात्मिक मार्गदर्शन प्रदान करेगा। भक्तजन एक ही छत के नीचे प्रेम, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव कर सकेंगे। राधा अष्टमी का यह आयोजन न केवल श्री राधा रानी जी के दिव्य स्वरूप का स्मरण कराएगा, बल्कि समाज को प्रेम, भक्ति और सेवा का संदेश भी देगा। श्रद्धालुजन इस अवसर पर सम्मिलित होकर अपने जीवन को और भी पवित्र बना सकते हैं।

## चिकित्सा से जुड़ा सेवा कार्य ही ईश्वर की आराधना : देवस्थान मंत्री

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर



पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत शनिवार को लोकदेवता बाबा रामदेव जी महाराज की पावन नगरी रामदेवरा पहुंचे । उन्होंने मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना की। इस दौरान उन्होंने आस्था के प्रतीक राम सरोवर कुंड के भी दर्शन किए। इस दौरान देवस्थान मंत्री कुमावत ने भाद्रपद सप्तमी के अवसर पर रामदेवरा में चल रहे निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर यानी नेत्रकुंभ का अवलोकन किया। उन्होंने सक्षम संस्था, जयपुर द्वारा आयोजित इस भव्य आयोजन की सराहना करते हुए आयोजकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि पर-पीड़ा निवारण के लिए किए जाने वाले कार्य जन-जन तक पहुंचते हैं तभी उनकी सार्थकता होती है। कैबिनेट मंत्री कुमावत ने संस्था द्वारा निन्शुल्क नेत्र चिकित्सा और दवाओं, चश्मों, लेंस और अन्य उपकरणों के वितरण को अनुकरणीय बताया। उन्होंने मरीजों से संवाद करते हुए उनके हाल-चाल भी जाने। उन्होंने सरकार के साथ-साथ स्वयंसेवी संस्थाओं, निजी क्षेत्र आदि को भी चिकित्सा सेवाओं में सहयोग देने और अधिकाधिक लोगों को लाभान्वित किए जाने पर जोर दिया। श्री कुमावत ने कहा कि परोपकार ही सबसे बड़ा धर्म है। चिकित्सा से जुड़ा सेवा कार्य ही ईश्वर की आराधना है। साथ ही उन्होंने कहा कि लोक त्यौहार, मेले और उत्सव भारत और विशेषकर राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, जो परंपराओं, धार्मिक विश्वासों और सामुदायिक जीवन को दर्शाते हैं। ये आयोजन न केवल स्थानीय रीति-रिवाजों को संरक्षित करते हैं, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था, पर्यटन को बढ़ावा देते हैं और सामाजिक एकजुटता को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि मेले और त्यौहार अपनी अद्वितीय लोक कला, धार्मिक महत्व और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से देश की विविधता का प्रदर्शन करते हैं। बाबा रामदेव जी का यह मेला आस्था का केंद्र है, जहां हर साल लाखों श्रद्धालु आते हैं। हमारी सरकार मेले, उत्सव, तीज-त्यौहार और लोक कला-संस्कृति को बढ़ावा दे रही है। इस अवसर पर मंदिर कमेटी की ओर से मंत्री श्री कुमावत का सम्मान किया गया ।

जोधपुर की लंगड़ी एक्सप्रेस में पहुंची उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, पारंपरिक खेलों को बताया प्रेरणास्पद

# पारंपरिक खेल हमारी धरोहर : दीया कुमारी



■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी शनिवार को जोधपुर में आयोजित लंगड़ी एक्सप्रेस कार्यक्रम में पहुंची। अनूठे आयोजन में उन्होंने पारंपरिक खेल लंगड़ी खेला और इसे समाज को जोड़ने वाला एक प्रेरणादायक प्रयास बताया।रोटरी क्लब ऑफ जोधपुर के संस्कार ग्रुप ने इस कार्यक्रम को आयोजित किया था। मीडिया से बातचीत में उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा, यह आयोजन भारत की समृद्ध खेल विरासत को बढ़ावा देने और नई पीढ़ी में जागरूकता लाने का बेहतरीन प्रयास है। मुझे कई साल बाद लंगड़ी खेलने का अवसर मिला, जो मेरे लिए यादगार अनुभव रहा। यह आयोजन इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज हुआ है, जो जोधपुर और राजस्थान के लिए गर्व की बात है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इस तरह के आयोजन नई पीढ़ी को पारंपरिक खेलों से परिचित कराने में मदद करते हैं, जो हमारी सांस्कृतिक धरोहर का हिस्सा हैं।

उन्होंने सभी से मिलकर इस विरासत को संरक्षित और प्रोत्साहित करने की अपील की। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कार्यक्रम की तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा, जोधपुर में रोटरी क्लब ऑफ जोधपुर के संस्कार ग्रुप द्वारा आयोजित अनूठे और रोमांचक आयोजन लंगड़ी एक्सप्रेस में सम्मिलित हुई। यह आयोजन हमारे पारंपरिक खेलों को पुनर्जीवित करने का एक अद्भुत प्रयास है तथा समाज के सभी वर्गों और आयु समूहों को एक साथ जोड़ने का प्रेरणादायक उदाहरण भी है।

## उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने शनि महाराज का किया तेल अभिषेक

प्रदेश की उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी आज जूना खेड़ापति हनुमान मंदिर पहुँचीं। उन्होंने शनि देव महाराज की पूजा-अर्चना कर तेल अभिषेक किया। इस अवसर पर उन्होंने हनुमानजी सहित मंदिर परिसर स्थित सभी देवी-देवताओं के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर समाजसेवी एवं पूर्व न्यासी कमलेश पुरोहित सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।मंदिर प्रांगण में स्थित पीपल, बड़ और कल्प वृक्ष की भी उप मुख्यमंत्री ने विधिवत पूजा की और श्रद्धालुओं के मंगल की कामना की। पूजा-अर्चना के दौरान उप मुख्यमंत्री ने उपस्थित श्रद्धालुओं का दिल तब जीत लिया जब वे मंदिर की सफाई व्यवस्था संभालने वाले एक सफाई कर्मी दंपति के पास स्वयं जाकर मिलीं। उन्होंने उनसे आत्मीय संवाद करते हुए उनके परिवार की कुशलक्षेम पूछी। उनकी इस सहजता और संवेदनशीलता से वहां मौजूद श्रद्धालु भावुक हो उठे और उन्होंने उप मुख्यमंत्री की सरलता व आत्मीयता की सराहना की।





## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पूर्व सांसद स्व. कर्नल सोनाराम चौधरी को दी श्रद्धांजलि

**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार को जैसलमेर के मोहनगढ़ पहुंचे और बाड़मेर-जैसलमेर के पूर्व सांसद कर्नल सोनाराम चौधरी के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने स्व. चौधरी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। शर्मा ने स्व. कर्नल सोनाराम चौधरी के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान देने तथा शोक संतप्त परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की। इस दौरान विधायक छोटू सिंह भाटी, कुलदीप धनखड़ सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।**

## न्यूज़ ब्रीफ

### जिला कलेक्टर शीघ्र प्रस्तुत करें विद्यालय भवनों की सर्वे रिपोर्ट : शासन सचिव

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

प्रदेश के समस्त राजकीय विद्यालय भवनों के सर्वे को लेकर शासन सचिव स्कूल शिक्षा कृष्ण कुणाल की अध्यक्षता में शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रदेश के सभी जिलों में स्थित राजकीय विद्यालय भवनों की निरीक्षण/सर्वे रिपोर्ट के संबंध में चर्चा की गई, जो जिला कलेक्टर की ओर से तैयार की जानी हैं। शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने सभी जिला कलेक्टर्स को निरीक्षण कार्य शीघ्र पूर्ण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा। गौरतलब है कि शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने राज्य सरकार के निर्देशानुसार राज्य के समस्त राजकीय विद्यालय भवनों का सर्वे कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। यह रिपोर्ट 4 सितंबर को जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान उच्च न्यायालय में प्रस्तुत की जाएगी। बैठक में राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त अनुपमा जोरवाल, मिड डे मील आयुक्त विश्वमोहन शर्मा, निदेशक, माध्यमिक एवं प्रारंभिक सीताराम जाट, अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक सुरेश कुमार बुनकर व अन्य अधिकारी मौजूद रहे। प्रदेश के समस्त संभागीय आयुक्त भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक से जुड़े।

### एक राष्ट्र एक चुनाव भाजपा का एजेंडा नहीं, बल्कि राष्ट्र के विकास के लिए एक जागरण अभियान : मदन राठौड़




■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने एक राष्ट्र एक चुनाव अभियान के तहत आयोजित छात्रसंघ प्रतिनिधि सम्मेलन के बाद प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए विभिन्न विषयों पर अपनी प्रतिक्रियाएं दीं। उन्होंने कांग्रेस पार्टी और उसकी नीतियों पर भी कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। राठौड़ ने एक राष्ट्र, एक चुनाव के पक्ष में अपनी बात रखते हुए कहा,कि देश में एक चुनाव होना चाहिए, जिससे 4.5 साल तक सभी दल विकास में जुट सकें। इससे धन और श्रम की बचत होगी और विकास के लिए सभी को समय मिलेगा। चुनावों के दौरान आचार संहिता की वजह से विकास कार्यों में रुकावटें आती हैं। उन्होंने कहा, कि आज के युवा सम्मेलन में इस प्रस्ताव को रखा और उसे समर्थन भी किया। एक राष्ट्र एक चुनाव सिर्फ भाजपा का एजेंडा नहीं, बल्कि राष्ट्र के विकास के लिए एक जागरण अभियान है। हमें इस अभियान में बढ़चढ़ कर अपनी सहभागिता निभानी चाहिए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कांग्रेस नेताओं पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस नेताओं को अपनी गिरेबां में झांकना चाहिए। गहलोत साहब के समय में पेपर लीक हुए थे, लेकिन भजनलाल शर्मा की सरकार बनने के बाद से कोई पेपर लीक नहीं हुआ। हमारी सरकार ने 2021 की एसआई भर्ती प्रक्रिया में जांच की और आरोपियों को गिरफ्तार किया।राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष डोटासरा अब बयानबाजी करते हैं, लेकिन उनके पास कोई विकल्प ही नहीं है। जो अपराध उनकी सरकार में, उनके प्रदेशाध्यक्ष के कार्यकाल में हुए, तो सीधे तौर पर डोटासरा भी इन अपराधों का हिस्सा मानें जाएंगे। ऐसे में उन्हें इस तरह के बयानबाजी नहीं करना चाहिए।

## राजसमंद विधायक दिप्ती माहेश्वरी सड़क दुर्घटना में घायल

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर





भारतीय जनता पार्टी की नेता और राजसमंद से विधायक दीप्ति माहेश्वरी की गाड़ी शनिवार सुबह उदयपुर-राजसमंद हाईवे पर एक भीषण दुर्घटना का शिकार हो गई है। यह हादसा देलवाड़ा थाना क्षेत्र में हाईवे पर सुरंग के पास हुआ।

बताया जा रहा है कि यह घटना तब हुई जब विधायक अपने राजनीतिक कार्यक्रमों को पूरा करने के बाद उदयपुर जा रही थीं। इस हादसे में विधायक दीप्ति माहेश्वरी, उनके गनमैन और ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों और पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए घायलों को उदयपुर के गीतांजलि अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि विधायक के कंधे में फ्रैक्चर हुआ है, जबकि अन्य घायलों की हालत भी चिंताजनक बताई जा रही है। डॉक्टरों की टीम उनकी सेहत पर नजर रख रही है।

एमबीएम विश्वविद्यालय में चेनाब रेल पुल और अंजी खड्ड पुल पर आयोजित व्याख्यान में बोले केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री

## चेनाब और अंजी खड्ड पुल भारत की इंजीनियरिंग क्षमता के प्रतीक : शेखावत

■ आर्च डिजाइन में बना चेनाब पुल और पहला केबल-स्टे पुल अंजी खड्ड कठिन प्राकृतिक परिस्थितियों को सहन करने में पूरी तरह सक्षम

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर



केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि चेनाब रेल पुल और अंजी खड्ड पुल भारत की इंजीनियरिंग क्षमता के प्रतीक हैं। आर्च डिजाइन में बना चेनाब पुल और पहला केबल-स्टे पुल अंजी खड्ड कठिन प्राकृतिक परिस्थितियों को सहन करने में पूरी तरह सक्षम हैं। शनिवार को एमबीएम विश्वविद्यालय में चेनाब रेल पुल और अंजी खड्ड पुल पर आयोजित व्याख्यान में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि चेनाब रेल पुल का निर्माण 2000 के दशक में शुरू हुआ, लेकिन सुरक्षा कारणों से रोका गया। बाद में इसे मजबूत डिजाइन और आधुनिक तकनीक से फिर शुरू किया गया। करीब 1,486 करोड़ की लागत से बने इस पुल का निर्माण अगस्त 2022 में पूरा हुआ और सुरक्षा परीक्षणों के बाद इसे 6 जून 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि 1,315 मीटर लंबा और 359 मीटर ऊंचा यह पुल आज दुनिया का सबसे ऊंचा रेल पुल है। यह भूकंप, भूस्खलन और 266 किमी प्रति घंटे तक की हवाओं को सहन करने में सक्षम है। शेखावत ने कहा कि अंजी खड्ड पुल, जो 331 मीटर ऊंचा और 750 मीटर लंबा है, 2023 में पूरा हुआ और 2024 में सफल परीक्षणों के बाद 2025 में औपचारिक रूप से शुरू किया गया। चमकते केबल्स के साथ हिमालय की पृष्ठभूमि में यह पुल भारतीय इंजीनियरिंग कौशल की चमक बिखेरता है।केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि ये पुल सिर्फ ढांचे नहीं, बल्कि जीवन रेखाएं हैं।

वाणिज्यिक राज्य कर विभाग की प्रवर्तन शाखा की महत्वपूर्ण कार्यवाही

## कोचिंग सेंटर्स पर कसा शिकंजा : 93 करोड़ रूपये की वसूली की सुनिश्चित

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

मुख्य आयुक्त, वाणिज्यिक राज्य कर विभाग कुमार पाल गौतम द्वारा विभाग की समीक्षा बैठक में निर्देशित किया गया था की राज्य के विभिन्न क्षेत्रों की कर देयता का विश्लेषण कर यह सुनिश्चित करें कि इनके द्वारा अपनी टैक्स लायबिलिटी की उचित और सही रूप में अदायगी की जाए, जिससे राज्य को मिलने वाला राजस्व पूर्ण रूप से सुनिश्चित हो सके। मुख्य आयुक्त के दिशा-निर्देशों की पालना में राज्य की प्रवर्तन शाखा के अधिकारियों ने राज्य के विभिन्न क्षेत्रों के कर अदायगी के पैटर्न का गहन विश्लेषण किया। इसी के अंतर्गत राज्य के एक प्रमुख सेक्टर कोचिंग/ ट्रेनिंग सेक्टर के विश्लेषण पर पाया कि इन संस्थानों द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न सेवाओं पर कर दायित्व का सही रूप से निर्वहन नहीं किया जा रहा है। इन संस्थानों के द्वारा आपूर्ति का स्थान (प्लेस ऑफ सप्लाई) राजस्थान होने के बावजूद अन्य राज्यों में दर्शाया जा रहा था जिसके कारण राज्य को मिलने वाले राजस्व का नुकसान हो रहा था। जबकि इनके द्वारा इन सेवाओं पर एसजीएसटी और सीजीएसटी का भुगतान किया जाने का उत्तरदायित्व था । इन संस्थानों के द्वारा गलत प्लेस ऑफ सप्लाई घोषित किए जाने से राज्य को मिलने वाले राजस्व का बड़ा नुकसान हो रहा था। राज्य के मुख्य आयुक्त के निर्देश पर 28 अगस्त को वाणिज्यिक राज्य कर विभाग की प्रवर्तन शाखा ने कोटा स्थित चार कोचिंग संस्थानों पर इन तथ्यों के आधार पर कार्यवाही की। कार्यवाही में पाया गया कि गलत रूप से प्लेस ऑफ सप्लाई की घोषणा कर इन संस्थानों ने लगभग 93 करोड़ की सीजीएसटी और एसजीएसटी का दायित्व बनने के बावजूद कर नहीं चुकाया गया है।

विभाग द्वारा अब इस राशि को वसूल करने के लिए नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। इसके अलावा राज्य की अन्य कोचिंग/प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा उचित कर अदायगी न करने पर नियमानुसार कार्यवाही द्वारा कर वसूली सुनिश्चित किए जाने का निर्णय लिया गया है।

वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने वन विभाग एवं जिले के विकास कार्यों की ली समीक्षा

## पर्यावरण संरक्षण सरकार की प्राथमिकताओं में सर्वोपरि है, इसमें कोई समझौता नहीं : संजय शर्मा

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर




वन, पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री संजय शर्मा ने कहा कि जेरला स्थित अवैध 74 औद्योगिक इकाइयों का विद्युत संबंध विच्छेद करते हुए आगामी पन्द्रह दिवस में बंद करवाने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। इसके लिए नगर परिषद, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं जिला प्रशासन संयुक्त रूप से कार्यवाही करें। यह बात उन्होंने शनिवार को जिला कलक्टर सभागार में वन एवं पर्यावरण विभाग, जिले की बजट घोषणाओं, पौधारोपण व अन्य योजनाओं तथा विभागीय कार्यकलापों की समीक्षा बैठक के दौरान कही। उन्होने कहा कि किसानों के हक के साथ राज्य सरकार किसी प्रकार का समझौता नहीं करेगी। कारखाने बंद करने पड़े तो करें। जो औद्योगिक ईकाईयां प्रदूषित पानी छोड़ रही है, उन पर तुरंत कार्यवाही की जानी सुनिश्चित करें। पर्यावरण संरक्षण सरकार की प्राथमिकताओं में सर्वोपरि है, इसमें कोई समझौता नहीं। संजय शर्मा ने कहा कि अधिकारी एक पेड़ मां के नाम एवं हरियालो राजस्थान अभियान के तहत वृक्षारोपण कर उनके रखरखाव हेतु आमजन को प्रेरित भी करें, पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रदूषण फैलानी वाली इकाइयों पर नियमानुसार सख्त कार्यवाही करें और स्थानीय जनप्रतिनिधियों से समन्वय रखते हुए विकास कार्य करें। उन्होने कहा कि एक पेड़ मां के नाम एवं हरियालो राजस्थान अभियान के तहत वृक्षारोपण के तहत लगाये गये पौधों का शत प्रतिशत जीयो टैग करें। शर्मा ने हरियालो राजस्थान अभियान के तहत जिले को मिले 16.75 लाख पौधरोपण लक्ष्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए लगाए गए पौधों के संरक्षण एवं रखरखाव हेतु अपनाए जा रहे उपायों की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जो पौधे किसी कारणवश जीवित नहीं रह पाते, उनके स्थान पर नए पौधे लगाए जाएं। शिक्षा विभाग के अधिकारियों को पौधारोपण और सुरक्षा के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। शर्मा ने एजेंडावार समीक्षा करते हुए 2024-25 एवं 2025-26 की विभाग के संबंध में की गई बजट घोषणाओं एवं जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्यों में गति लाने को कहा व वन क्षेत्र में ऐतिहासिक महत्व के भवनों के रख-रखाव व जीर्णोद्वार के निर्देश दिए जिससे कि पर्यटन को भी बढ़ावा मिल सके। शर्मा ने पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड को औद्योगिक क्षेत्रों में पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छ वातावरण के लिए कचरा निस्तारण पर विशेष जोर देते हुए आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। साथ ही खनन इकाइयों द्वारा नियमों का उल्लंघन कर प्रदूषण फैलाने पर नियमानुसार सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बोर्ड सुनिश्चित करें कि औद्योगिक इकाइयां नियमानुसार कार्यवाही करें, अपशिष्टों का उचित निस्तारण करें एवं किसानों की फसलों को औद्योगिक इकाइयों से किसी प्रकार की हानि नहीं पहुंचे। उन्होने विभाग द्वारा किए जा रहे नवाचार पर भी चर्चा की और ग्राम वन सुरक्षा एवं प्रबंध समितियों के माध्यम से करवाए जा रहे ।

## भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने गुजरात में देश की पहली मल्टी

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

राष्ट्रीय राजमार्ग उपयोगकर्ताओं को निर्बाध और बाधा-मुक्त टोलिंग अनुभव प्रदान करने के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा प्रवर्तित कंपनी भारतीय राजमार्ग प्रबंधन कंपनी लिमिटेड (आईएचएमसीएल) ने गुजरात के चोर्यासी शुल्क प्लाजा में एनएच-48 पर देश की पहली व्यापक मल्टी-लेन फ्री फ्लो (एमएलएफएफ) टोलिंग प्रणाली लागू करने हेतु आईसीआईसीआई बैंक के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस ऐतिहासिक समझौते पर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अध्यक्ष संतोष कुमार यादव और एनएचएआई, आईएचएमसीएल तथा आईसीआईसीआई बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में नई दिल्ली स्थित भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण मुख्यालय में हस्ताक्षर किए गए। अनुबंध समझौते पर हस्ताक्षर बाधा-मुक्त टोलिंग की दिशा में एक बड़ा कदम है जिससे फास्टैग के माध्यम से निर्बाध इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह संभव होगा।

## राज्य सरकार के स्किल्ड डवलपमेंट प्रोग्राम के माध्यम से युवाओं के लिए हो रहा रोजगार सृजित

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

राज्य के उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री के.के.विश्नोई ने शनिवार को जालोर जिले की भीनमाल पंचायत समिति की भालनी ग्राम पंचायत के नवनिर्मित भवन व अमृता देवी राजकीय पुस्तकालय का विधिवत रूप से फीता काटकर लोकार्पण किया। साथ ही, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भालनी में दो कक्षा-कक्ष मय हॉल का उद्घाटन व गौ माता चौक पर मूर्ति का अनावरण भी किया। समारोह के मुख्य अतिथि विश्नोई ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में केन्द्र व राज्य सरकार वर्ष 2047 तक विकसित भारत व विकसित राजस्थान के संकल्प को साकार करने की दिशा में निरंतर प्रगतिरत है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार स्किल डवलपमेंट प्रोग्राम के माध्यम से राज्य के युवाओं के लिए रोजगार के नव अवसर सृजित कर रही है।

उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में आर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स के दौर में युवाओं को नवीनतम शिक्षा तकनीकों से अवगत कराना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बालिकाएं देश का भविष्य हैं अतः हमारा कर्तव्य बनता हैं ।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का अजमेर दौरा

### मुख्यमंत्री ने जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत के पिता स्व. सूरज सिंह रावत को दी श्रद्धांजलि



■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार को अजमेर के मुहामी गांव पहुंचे तथा जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत के पिता सूरज सिंह रावत के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने स्व. सूरज सिंह रावत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सुरेश सिंह रावत एवं समस्त परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढाढ़स बंधाया। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान देने तथा शोकाकुल परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। इस अवसर पर केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव, केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ओमप्रकाश भड़ाना सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## एसआई भर्ती पर हाईकोर्ट के फैसले को लेकर अशोक गहलोत का निशाना, कहा- मुख्यमंत्री का दोहरा चरित्र उजागर

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

राजस्थान में चल रही एसआई भर्ती प्रक्रिया को लेकर हाईकोर्ट के हालिया फैसले पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक्स पर प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री पर बड़ा हमला बोला है। गहलोत ने कहा कि सरकार ने खुद कोई ठोस निर्णय नहीं लिया और जब हाईकोर्ट ने निर्देश दिए तो अब जाकर उसका स्वागत किया जा रहा है। गहलोत ने लिखा, देखिए, मुख्यमंत्री जी और प्रदेश सरकार का यह दोहरा चरित्र है। जब हाईकोर्ट ने कहा कि आप फैसला लीजिए, तब कोई निर्णय नहीं लिया गया। सरकार ने तो कोर्ट में एफिडेविट दिया था कि परीक्षा रद्द नहीं होनी चाहिए। आधे एसआई को खुश करने के लिए अब जब फैसला आ गया है तो स्वागत कर रहे हैं। इसकी तह में जाना चाहिए।पूर्व सीएम ने अपने कार्यकाल का उदाहरण देते हुए रीट परीक्षा का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि उनके समय में पेपर लीक की शिकायत मिलने पर सरकार ने पूरे सार्वजनिक हित में भर्ती रद्द कर दी थी। करीब 33-35 हजार पोस्ट थीं। हमने भर्ती रद्द करने के साथ-साथ पोस्ट बढ़ाकर 50,000 कर दीं और दोबारा परीक्षा करवाकर उतने युवाओं को नौकरी दी।गहलोत ने कहा कि पेपर लीक की समस्या केवल राजस्थान ही नहीं, बल्कि पूरे देश की समस्या है। यह बीमारी आर्मी से लेकर ज्यूडिशरी तक फैली है। गुजरात, यूपी, बिहार, पंजाब–कौन सा राज्य अछूता है बेरोजगारी और सरकारी नौकरियों की चाहत ने ऐसे गैंग खड़े कर दिए हैं। उन्होंने अपनी सरकार द्वारा बनाए गए सख्त कानूनों और व्यवस्थाओं का भी हवाला दिया।

## बजट घोषणाओं द्वारा अधिक से अधिक किसानों को पहुंचायें लाभ : डॉ. किरोडी लाल

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोडी लाल ने कहा कि विभागीय अधिकारी बजट घोषणाओं को प्लानिंग के साथ तय समय में पूरा करते हुए अधिक से अधिक पात्र किसानों को लाभ पहुंचाएं। जिससे उत्पादन में वृद्धि होगी और हमारे प्रदेश के किसान आर्थिक रूप से मजबूत बन सकेंगे। उन्होंने बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने और भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टोलरेंस अपनाए जाने के निर्देश प्रदान किए। डॉ. किरोडी लाल आज कृषि अनुसंधान संस्थान दुर्गापुरा, जयपुर के ऑडिटोरियम में कृषि विभाग के विभागीय अधिकारियों के साथ राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने सभी जिलों के संयुक्त निदेशकों व अतिरिक्त निदेशक (विस्तार) को विभागीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश दिए और कहा कि बजट घोषणाओं की निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने बैठक में जिलेवार उर्वरकों की मांग, आपूर्ति, खपत एवं उपलब्धता, रबी सीजनके लिए।

मिस टीन इंटरनेशनल 2025 का ग्रैंड फिनाले आज, 24 देशों से आई है विजेता

## जयपुर (भारत) इस विश्वस्तरीय सौंदर्य प्रतियोगिता की मेजवानी कर रहा, यह फैशन के क्षेत्र में अंतराष्ट्रीय स्तर पर भारत के बढ़ते प्रभाव का परिणाम है : निखिल आनंद

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर




मिस टीन इंटरनेशनल विश्व की सबसे प्रतिष्ठित और सबसे बड़ी किशोर सौंदर्य प्रतियोगिता के रूप में जानी जाती है,जिसमे विश्वभर से मॉडल्स भाग लेती हैं और अपना किस्मत आजमाती है। मिस टीन इंटरनेशनल 2025 प्रतियोगिता अपने अंतिम चरण में है। भारत इस प्रतियोगिता की मेजवानी कर रहा है इसलिए विश्वभर के तमाम फाइनलिस्ट भारत मे हैं। आगामी 31 अगस्त को जयपुर में इस प्रतियोगिता का ग्रैंड फिनाले आयोजित है। मिस टीन इंटरनेशनल 2025 की तमाम फाइनलिस्ट इनदिनों जयपुर में हैं। ये सुंदरियाँ कनाडा, बोत्सवाना, कोलंबिया, क्यूबा, डोमिनिक रिपब्लिकन, फिजी, फ्रांस, जर्मनी, भारत, जापान, मैक्सिको, नामीबिया, नीदरलैण्ड, पैरागुए, पेरू, फिलीपींस, प्यूर्टो रीको, रोमानिया,स्पैन,श्रीलंका, अमेरिका, वेनेजुएला, वियतनाम और जिम्बाब्वे से हैं। ग्लैमआनंद ग्रुप के निदेशक निशांत आनंद, मिस यूनिवर्स इंडिया के ऑनर निखिल आनंद व जनसंपर्क अधिकारी सर्वेश कश्यप इस कार्यक्रम की तैयारी में जुटे हैं। कार्यक्रम अपने अंतिम चरण में है व आगामी 31 अगस्त को इसका ग्रैंड फिनाले आयोजित है। उक्त बातों की जानकारी मिस टीन इंटरनेशनल 2025 के जनसंपर्क अधिकारी सर्वेश कश्यप द्वारा आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया गया।24 देशों से आई तमाम सुन्दरियों ने भारत को अद्भुत कहा है और जयपुर को एक खास शहर मे खिताब दिया है। जयपुर के खास शाही अंदाज को देख कर कहा कि इंसान को जिंदगी में एकबार जयपुर जरूर आना चाहिए। मैं अपने देश जा कर सब को यहाँ के अद्भुत राजशाही अंदाज़ के विषय में जरूर बताऊंगी। यहाँ की खातिरदारी देखकर मैं आश्चर्यचकित हूँ। अपने वर्ल्ड टूर पे कई देश घूमने के बाद जयपुर को देखा लेकिन दावे के साथ कह सकती हूं की ये एक अनोखा शहर है। मैं जब अपने देश लौटूंगी और वहां के लोगो को भारत व जयपुर के बारे में जरूर बताऊंगी।मिस यूनिवर्स इंडिया के ऑनर व मिस टीन इंटरनेशनल के होस्ट निखिल आनंद ने अपने संबोधन में कहा ~ आज हमलोग दुनिया के सबसे खूबसूरत जगह पर हैं। हमे जब भी मौका मिलता है जयपुर जरूर आता हूँ और कोशिश करता हूँ पूरा विश्व हमारे यहाँ के अद्भुत धरोहरो को देखें । मैं अपने निजी कार्यो से दुनियाभर जाता रहता हूँ और हर देश में गर्व से जयपुर के बारे में बताता हूँ। कही ज्यादा खूबसूरत है हमारा जयपुर। निखिल आनंद आगे कहते हैं ।

## माताएं पालने में ही अपने बच्चों को वीरता का पाठ पढ़ा देती है : राज्यपाल




■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि राजस्थान वीर वीरांगनाओं की भूमि है। यहां की माताएं पालने में ही अपने बच्चों को वीरता का पाठ पढ़ा देती है। इसीलिए कहा गया है, पूत सिखावे पालणै, मरण बड़ाई जाण।राज्यपाल बागडे शनिवार को एक होटल में हैं नमन उनको कार्यक्रम के अंतर्गत वीरांगना सम्मान समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम मे पुरुषों के साथ महिलाओं ने साहस और वीरता की अद्भुत गाथाएं लिखी हैं। राष्ट्र उन तमाम माताओं के प्रति भी कृतज्ञ हैं जो अपने पुत्रों और पुत्रियों को सेना में भेजने में गौरव का अनुभव करती हैं। उन्होंने कहा कि वीरांगनाओं का सम्मान हमारे देश की गौरवयमी परम्परा का पवित्र अनुष्ठान है।

स्वत्वाधिकारी , मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक रेखा गौड़ के लिए महारानी प्रिन्टर्स, 17 माँ वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर में मुदित एवं प्लाट नं. एसबी-7, रजनी विहार, हीरापुरा, अजमेर रोड़, जयपुर-302024 से प्रकाशित ।
( पी.आर. बी. एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार )